वर्ष : 18 अंक: 34 ग्वालियर • शुक्रवार 07 मार्च 2025 • पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रू.




दैनिक

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष

निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता


आज का तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री

### उत्तराखंड के हर्षिल पहुंचे पीएम मोदी

## देवभूमि उत्तराखंड आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत, मुखवा आकर मैं धन्य : पीएम मोदी











**उत्तराखंड ,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के मुखवा गांव में स्थित मुखीमठ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उसके बाद उन्होंने हर्षिल में ट्रैक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उत्तराखंड की यह देवभूमि आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत है। चारधाम और अनंत तीर्थों का आशीर्वाद इसे प्राप्त है। जीवनदायिनी मां गंगा के इस शीतकालीन गद्दी स्थल पर आज एक बार फिर आकर, आप सब परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया हूं। उन्होंने मां गंगा की सेवा को अपना सौभाग्य बताया। बोले, मां गंगा की कृपा से ही मुझे दशकों तक उत्तराखंड की सेवा का सौभाग्य मिला है। मैं मानता हूं कि उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और अब सांसद के रूप में काशी की सेवा कर रहा हूं। इसीलिए मैंने काशी में कहा भी था कि मुझे मां गंगा ने बुलाया है। कुछ महीने पहले मुझे यह भी अनुभूति हुई कि जैसे मां गंगा ने मुझे अब गोद ले लिया है। यह मां गंगा की ही दुलार है, अपने इस बच्चे के प्रति उनका स्नेह है कि आज मैं उनके मायके मुखवा गांव आया हूं।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि कुछ साल पहले जब मैं बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए बाबा के चरणों में गया था, तो बाबा के दर्शन-अर्चन के बाद मेरे मुंह से अचानक कुछ भाव प्रकट हुए थे और मैं बोल पड़ा था कि यह दशक उत्तराखंड का दशक होगा। वो शब्द मेरे थे, भाव मेरे थे लेकिन उनके पीछे सामर्थ्य देने की शक्ति स्वयं बाबा केदारनाथ ने दी थी। मैं देख रहा हूं कि बाबा केदार के आशीर्वाद से धीरे-धीरे वो शब्द, वो भाव हकीकत में बदल रहे हैं। यह दशक उत्तराखंड का बन रहा है।

उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने के लिए हमारी डबल इंजन सरकार मिलकर काम कर रही है। चारधाम ऑल वेदर रोड, आधुनिक एक्सप्रेस वे, राज्य में रेलवे, विमान और हेलीकॉप्टर सेवाओं का विस्तार पिछले 10 वर्षों में तेजी से हुआ है। अभी कल ही केंद्रीय कैबिनेट ने केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट और हेमकुंड रोपवे प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। केदारनाथ रोपवे बनने के बाद जो यात्रा 8 से 9 घंटे में पूरी होती है, अब उसे लगभग 30 मिनट में पूरा कर लिया जाएगा। इससे बुजुर्गों और बच्चों के लिए केदारनाथ यात्रा और सुगम हो जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि टूरिज्म उत्तराखंड के लिए बहुत जरूरी है।

मैं चाहता हूं कि उत्तराखंड में कोई भी सीजन ऑफ सीजन न हो, हर सीजन में टूरिज्म ऑन रहे। उत्तराखंड में पर्यटकों की संख्या इस एक दशक में तेजी से बढ़ी है। 2014 से पहले चारधाम यात्रा पर हर साल औसतन 18 लाख यात्री आते थे। अब हर साल लगभग 50 लाख तीर्थयात्री आने लगे हैं। यहां सर्दियों में पर्यटन के दौरान ट्रैकिंग और स्कीइंग जैसी रोमांचक गतिविधियां होती हैं, जो

### वीआईपी सिक्योरिटी रिव्यू के बाद एमएचए ने लिया फैसला

## अरविंद केजरीवाल को मिलती रहेगी जेड कैटेगरी की सुरक्षा



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को कैटेगरी की सुरक्षा मिलती रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिक्योरिटी रिव्यू के बाद यह फैसला लिया है।

फैसले के बाद केजरीवाल की कैटेगरी सुरक्षा को फिलहाल बरकरार रखा गया है। हालांकि, आईबी और दिल्ली पुलिस के द्वारा खतरे के आकलन के बाद इस पर आगे फैसला लिया जाएगा। इस संबंध में दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी विंग केंद्रीय गृह मंत्रालय को मौजूदा सुरक्षा स्थिति को लेकर रिपोर्ट भेज सकती है। बता दें कि केजरीवाल को प्लस की सुरक्षा मिली हुई है। वो दूसरे राज्य की सुरक्षा की नहीं ले सकते और न और न उनको दूसरे राज्य से सुरक्षा मिल सकती है। ये कानूनी तौर पर गलत है। अगर दूसरे राज्य के VVIP आते हैं और उनके साथ सुरक्षा होती है, तो वो भी 72 घंटे ही सिक्योरिटी रख सकते हैं। उसके लिए भी दिल्ली पुलिस को जानकारी देनी होती है। अगर जानकारी नहीं देते हैं, तो ये कानूनन गलत है।

## एसटीएफ और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी , बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार, आईएसआई से भी जुड़े हैं तार

**लखनऊ ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी से बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। आतंकी का नाम लाजर मसीह बताया जा रहा है। उसे यूपीएसटीएफ और पंजाब पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार किया है। आतंकी की गिरफ्तारी कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र से हुई है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकवादी लाजर मसीह पुत्र कुलविंदर पंजाब के अमृतसर जिले का रहने वाला है। उसका परिवार गांव कुरलियान पोस्ट-माकोवल, थाना रामदास में रहता है। आतंकी की गिरफ्तारी गुरुवार सुबह लगभग 3:20 बजे हुई है। गिरफ्तारी अभियान कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में किया गया। पता चला है कि आतंकी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है। इतना ही नहीं, आतंकी के पाकिस्तान के आईएसआई के साथ संपर्क का भी खुलासा हुआ है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, 13 कारतूस और एक 7.62 एमएम की विदेशी पिस्टल के साथ ही गाजियाबाद का पता लिखा हुआ आधार कार्ड भी बरामद हुआ है। आतंकी के पास से तीन हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, एक विदेशी पिस्टल समेत दो हथियार बरामद हुए हैं। साथ ही विदेश निर्मित सफेद विस्फोटक भी बरामद किया गया है। इसके अलावा उसके पास से गाजियाबाद के पते का आधार कार्ड और बिना सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।



## मध्यप्रदेश में नक्सलियों का किया जाएगा खातमा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्ष 2026 तक नक्सल मुक्त भारत के संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सक्रिय भूमिका निभाएगा



### उच्च स्तरीय बैठक में दिए निर्देश

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए। नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश के लिए भी जिला स्तर और पुलिस मुख्यालय से लेकर राज्य शासन के स्तर पर निरंतर समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास में बैठक लेकर नक्सल उन्मूलन अभियान पर वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2026 तक नक्सलियों का पूरी तरह खात्मा करने का संकल्प व्यक्त किया है। मध्यप्रदेश इस दिशा में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करेगा।

प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण, दूरसंचार साधनों के विस्तार और आवश्यक जवानों की तैनाती से नक्सल तत्वों पर नियंत्रण में सफलता मिल रही है। विकास कार्य निरंतर जारी रखे जाएं और आधुनिक उपकरणों के उपयोग और क्षेत्र की निरंतर निगरानी से नक्सली तत्वों के खात्मे के लिए प्रयास तेज किए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में नक्सलवाद के उन्मूलन का अभियान चल रहा है। प्रदेश में नक्सलवाद के किसी भी कीमत पर पैर जमने नहीं दिए जाएंगे। नक्सलवाद के समूल नाश के लिए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2026 तक नक्सल मुक्त भारत बनाने के संकल्प को पूर्ण करने के लिए ही केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ बैठक आयोजित कर गंभीर विचार-विमर्श किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के संकल्प के अनुपालन में मध्यप्रदेश को पूरी तरह से नक्सल मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने किया स्कूलों का निरीक्षण, खामियों पर बोलीं: ऐसी उम्मीद नहीं थी



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को शालीमार गांव के वार्ड नंबर 55 स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में पेयजल की सुविधा से लेकर क्लासरूम तक का निरीक्षण किया। कई खामियां दिखीं। इस पर उन्होंने फौरन मौके पर मौजूद स्कूल की प्रिंसिपल से कहा, ऐसी उम्मीद नहीं थी। आप यह मानिए कि यहां पर गलत हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से कहा कि यहां पर पीने का पानी नहीं आ रहा है। क्या करें? बताइए, इसे हटा दें। इसके बाद प्रिंसिपल ने कहा, मैम, आज ठीक हो जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से कहा कि मुझे आपसे इस जवाब की उम्मीद नहीं थी। आप यह मान लीजिए कि यहां पर गलत हो रहा है। बच्चों के लिए यहां पीने का पानी नहीं आ रहा है। टॉयलेट में पानी नहीं आ रहा है। यह ठीक नहीं है। आप इस चीज को मानिए। इस पर प्रिंसिपल ने मुख्यमंत्री से कहा कि सॉरी मैम, आज ठीक हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि न ही स्कूल में बच्चों के लिए पीने के पानी की कोई उचित व्यवस्था की गई है और न ही शौचालय में उनके लिए पानी की व्यवस्था है। विद्यालय में इस तरह के कुप्रबंधन से बच्चों को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी। मुख्यमंत्री ने प्रिंसिपल से इन सभी खामियों को फौरन दुरुस्त कराने को कहा। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यालय में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी को कोई दिक्कत न हो। यह आपकी जिम्मेदारी है। आप अपनी जिम्मेदारियों से नहीं भाग सकती हैं। इस पर प्रिंसिपल ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि इन सभी समस्याओं को दूर कर लिया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने क्लासरूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक चीज को बहुत ही ध्यान से देखा। उन्होंने बैंच से लेकर ब्लैकबोर्ड तक का निरीक्षण किया।

## तेजस्वी यादव की बड़ी घोषणाएँ, बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करने का वादा



**पटना ,एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई अहम घोषणाएँ कीं। उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो बिहार में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी। इसके अलावा, विद्यार्थियों को बड़ी राहत देते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं के फॉर्म की फीस माफ करने और परीक्षा केंद्र तक आने-जाने के किराए की भरपाई सरकार द्वारा किए जाने की भी घोषणा की। तेजस्वी यादव ने शराबबंदी कानून में बदलाव का संकेत देते हुए कहा कि अगर राजद की सरकार बनी, तो ताड़ी को इस कानून से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले ताड़ी बेचने का काम करने वाले लोग इसे जारी रख सकेंगे, लेकिन नीतीश कुमार की सरकार ने इसे शराबबंदी के दायरे में लाकर हजारों परिवारों की आजीविका छीन ली।

## बंधकों को रिहा करो वरना तुम्हारा काम खत्म', राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास को दी आखिरी चेतावनी



**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास को चेतावनी जारी की है। ट्रंप ने साफ तौर पर कह दिया है कि हमास गाजा में रखे गए इजरायल के सभी बंधकों को वापस लौटा दे। वरना उसका काम खत्म हो जाएगा। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इससे ठीक पहले व्हाइट हाउस ने बताया है कि ट्रंप ने हमास के साथ प्रत्यक्ष वार्ता के लिए एक दूत भेजा है। राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में हमास की कैद से छूटे 8 बंधकों के साथ बैठक की थी। इसके तुरंत बाद ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा- शालोम हमास, इसका मतलब है नमस्ते और अलविदा- आप चुन सकते हैं। सभी बंधकों को अभी रिहा करें, बाद में नहीं, और जिन लोगों की आपने हत्या की है, उनके शवों को तुरंत लौटा दें, अन्यथा आपके लिए सब कुछ खत्म हो जाएगा।




# पीएम किसान सिंचाई योजना वाटरशैड विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

## वाटरशैड विकास यात्रा रथ को दिखाई हरी झंडी



**श्योपुर ब्यूरो।** क्षेत्रीय सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड विकास कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि जल संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है, बारिश के पानी को रोकने के साथ ही मृदा संरक्षण के लिए वृक्षारोपण किया जायें। शासन द्वारा किसानों को सिंचाई की सुविधा में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में पीएम कृषि सिंचाई योजना वाटरशैड विकास कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम अगरा में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा श्री तुरसनपाल बरैया, नगर पंचायत विजयपुर के अध्यक्ष श्री कमलेश कुशवाह, भाजपा जिला महामंत्री श्री अरविंद सिंह जादौन, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री राकेश दीक्षित, श्री परीक्षत धाकड़, जनपद सदस्य श्री वायसराय आदिवासी, ग्राम अगरा के सरपंच श्री मुकेश राठौर आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा, सीईओ जनपद श्री ऑफिसर सिंह गुर्जर, वाटरशैड परियोजना अधिकारी श्री पीएस राजपूत आदि अधिकारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन श्री अमर लाल राठौर ने किया। सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा कार्यक्रम के दौरान वाटरशैड परियोजना अंतर्गत शामिल 8 ग्रामों के विद्यालयों में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन विषय पर आयोजित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार के रूप में शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। साथ ही जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले 7 लोगों को वाटरशैड योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री तोमर द्वारा जन समुदाय को जल संरक्षण एवं मृदा संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

### कृषक सुविधा केन्द्र का लोकार्पण, तालाब के लिए भूमिपूजन

सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा कार्यक्रम के दौरान ग्राम अगरा में 35.20 लाख रूपये की लागत से निर्मित कृषक सुविधा केन्द्र तथा 4.45 लाख रूपये की लागत से विकसित मियावाकी वृक्षारोपण का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा वाटरशैड अंतर्गत ग्राम उमरी कलां में 18 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले तालाब के लिए भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री तोमर द्वारा आम का पौधा लगाकर पौधरोपण किया गया।

### वाटरशैड विकास यात्रा रथ को दिखाई हरी झंडी

सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा इस अवसर पर जन समुदाय को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वाटरशैड विकास यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाई गई। इस यात्रा के माध्यम से 12 मार्च तक परियोजना क्षेत्र के अगरा, उमरीकला, बैचाई, डोडरीकला, डोडरी खुर्द, किशनपुरा, देहरी एवं पिपरवास में जन जागरण किया जायेगा तथा आमजन को जल एवं मिट्टी के संरक्षण तथा वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जायेगा।

# पीएम मत्स्य संपदा योजना- मछली पालन से बढी आजीविका, जिले में बायोफ्लैक पद्धति से मछली पालन की शुरूआत

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में पीएम मत्स्य संपदा योजना का सफलतापूर्वक संचालन होने से इससे जुडे हितग्राहियों की आजीविका निरंतर बढ रही है। मछली पालन से जुडे हितग्राही शासन की उक्त योजना के माध्यम से अपनी निजी भूमि पर मछली उत्पादन कर अपनी आजीविका बढा रहे है। जिले में बायोफ्लैक पद्धति से भी मछली पालन की शुरूआत होने जा रही है, जो कि एक कम लागत की ऐसी पद्धति है, जिसमें अधिक मुनाफा होता है। पीएम मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत जिले में 40 मत्स्य कृषको द्वारा मछली उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार 8 मत्स्य कृषको के यहां बायोफ्लैक पद्धति से मछली पालन की शुरूआत की जा रही है। इसके लिए सेटअप लगा दिये गये है। श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम बिठलपुर निवासी श्री पृथ्वी सिंह एवं श्री दरबार सिंह ऐसे ही मत्स्य कृषक है, जिन्होने अपनी स्वयं की भूमि पर शासन की उक्त योजना के तहत अनुदान प्राप्त कर मछली पालन व्यवसाय को शुरू किया है। श्री दरबार सिंह बताते है कि उन्होने .75 हेक्टयर भूमि में मछली पालन की शुरूआत की है। इस तालाब में 30 हजार मछली बीज डाला गया था, एक सीजन में उन्हें साढे तीन लाख से चार लाख रूपये तक की आमदनी हो रही है। वे बताते है कि इस सीजन में अभी तक दो लाख रूपये की मछली का विक्रय कर चुके है और अगले एक महीने में डेढ लाख रूपये की मछली का विक्रय ओर करेंगे। ऐसे ही एक अन्य मत्स्य कृषक श्री गुरूदीप सिंह निवासी ज्वाड है, जो एक हेक्टयर भूमि पर मछली पालन का कार्य कर रहे है। उन्होने बताया कि शासन की उक्त योजना के तहत तालाब खोदने सहित मछली बीज आदि संसाधनो के लिए अनुदान राशि से इस व्यवसाय की शुरूआत की गई। मछली पालन में वे अच्छा लाभ कमा रहे है। ग्राम बिठलपुर में श्री पृथ्वी सिंह द्वारा बायोफ्लैक पद्धति से शासन की उक्त योजना के तहत मछली पालन कार्य की शुरूआत की जा रही है। अपने खेत पर ही उन्होने लो कास्ट 14 टैक बनाये है, तकनीकी आधारित इन टैको में मछली पालन किया जायेगा। इन टैको में जाली लगाकर पालीथिन लगाई जाती है और एयर तथा पानी के लिए लाइन बिछाई गई है। इन टैको में 8 माह के अंदर मछली बीज एक किलो वजन के हो जाते है, प्रत्येक टैक में 1500 मछली का बीज डाला जायेगा। इसके अंदर पंगोसियस प्रजाति का मछली बीज डाला जाता है। सहायक संचालक मत्स्यपालन श्री बीपी झसिया ने बताया कि पीएम मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत एससी, एसटी एवं महिला श्रेणी के मत्स्य कृषको को 60 प्रतिशत एवं अन्य मत्स्य कृषको को 40 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। इसमें मत्स्य कृषक स्वयं की भूमि पर तालाब बनाकर मछली पालन करते है। इन मत्स्य कृषको को राहू, कतला, मृगल आदि प्रजातियों के मछली बीज उपलब्ध कराये जाते है। इसके अलावा जिले में बायौफ्लैक पद्धति से 8 मत्स्य कृषको के यहां सेटअप लगाये जा रहे है, इनमें पंगोसियस मत्स्य बीज डाला जाकर मछली पालन किया जायेगा।





## उपचार के लिए दी सहायता राशि

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा कमालखेडली श्योपुर निवासी श्री मुकुट राठौर को उपचार के लिए दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। आवेदक श्री मुकुट राठौर ने आवेदन प्रस्तुत किया कि आर्थिक परेशानी के कारण वह उपचार नही करा पा रहा है। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा तात्कालीक रूप से दो हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदान की गई। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवेदक का जिला चिकित्सालय श्योपुर में परीक्षण कर उपचार किया जाये। परीक्षण उपरांत गंभीर बीमारी से पीडित होने की स्थिति में चिन्हित कर मुरैना में 26 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले शिविर में उपचार के लिए भेजा जायें।

# फूड सेफ्टी विभाग ने लिये दूध, मिल्क क्रीम एवं देशी घी के सैम्पल



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा श्योपुर में दो दूध डेयरियों से दूध, मिल्क क्रीम एवं देशी घी के सैम्पल लेने की कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री धमेन्द्र जैन ने बताया कि सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार के निर्देशन में आमजन को मानक खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कॉलेज के सामने पाली रोड स्थित मुरैना दूध डेयरी से गाय व भैस के मिश्रित दूध एवं मिल्क क्रीम तथा कृष्णा दूध डेयरी से गाय व भैंस के मिश्रित दूध एवं देशी घी के सैम्पल लिये गये है। सैम्पल जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। श्री धर्मेन्द जैन ने बताया कि आमजन खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम एवं शिकायत के लिए टोलफ्री नंबर 1800112100 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

# एससी, एसटी प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा एससी, एसटी प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राप्त प्रकरणों में गंभीरता के साथ निराकरण किया जायें। इसके अलावा पीडित पक्ष को नियमानुसार राहत राशि प्रदान की जायें। जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की त्रैमासिक बैठक के दौरान समिति द्वारा एससी के 23 तथा एसटी के 08 प्रकरणों में राहत राशि स्वीकृत करने की कार्यवाही भी की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सतेन्द्र सिंह तोमर, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, विशेष लोक अभियोजक श्री राजेन्द्र जाधव आदि उपस्थित थे। बैठक के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत संचालित प्रकरणों की समीक्षा भी की गई।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 50 मरीजों की जाँच एवं परामर्श

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्रेमसर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मनोचिकित्सक डॉ. गायत्री मित्तल (मनोविकार रोग विशेषज्ञ) द्वारा मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 50 से अधिक रोगियों की जाँच की गई और उन्हें आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान रोगियों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, साथ ही उनकी काउंसलिंग एवं थेरेपी भी की गई। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मानसिक स्वास्थ्य हेतु मनहित ऐप के बारे में जानकारी दी गई तथा टेली-मानस हेल्पलाइन नंबर 14416 की उपयोगिता बताई गई, जिससे कोई भी जरूरतमंद मुफ्त मानसिक स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. धर्मेंद्र सिंह एवं नर्सिंग स्टाफ श्री हुकुम मीना आदि उपस्थित रहें।



# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

**श्योपुर ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर के मार्गदर्शन में 08 मार्च, 2025 (शनिवार) को जिला न्यायालय, श्योपुर एवं तहसील न्यायालय विजयपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी, एन.आई.एक्ट की धारा 138, क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व प्रकरण (जिला न्यायालय में लंबित) के साथ-साथ विभिन्न विभागों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में एन.आई.एक्ट की धारा, 138, क्लेम प्रकरण, लेबर डिस्प्यूट, विद्युत एवं जलकर तथा अन्य राजीनामा योग्य पारिवारिक प्रकरण, आपराधिक प्रकरण एवं सिविल प्रकरणों का निराकरण भी किया जावेगा। जो पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने प्रकरणों का निराकरण कराना चाहते है, वे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते है।

### बीए प्रथम वर्ष की छात्रा को पढाई के लिए दी सहायता राशि

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ऋतु पुत्री श्री रोशनलाल आदिवासी निवासी श्योपुर को पढाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। छात्रा ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी पढाई जारी रखने के लिए आर्थिक सहायता राशि की मांग की गई थी। इस पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा छात्रा को रेडक्रॉस के माध्यम से ढाई हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

## परिवहन विभाग की चैकिंग, 19 वाहनों से 75 हजार रूपये राजस्व की वसूली

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा गत दिवस दिये गये निर्देशो के क्रम में आज जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना कुशवाह द्वारा यातायात प्रभारी श्री संजय राजपूत के साथ संयुक्त चैकिंग अभियान चलाकर यात्री बसों, मालवाहक वाहनों, पिकअप वाहन एवं स्कूली बसों की चैकिंग की गई। इस दौरान वाहनों के फिटनेस, परमिट आदि की जांच की गई। चैकिंग के दौरान 19 वाहनो पर चालानी कार्यवाही करते हुए 75 हजार रूपये राजस्व की वसूली की गई।

# जिला स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का किया गया औचक निरीक्षण

## निरीक्षण के दौरान सी.एच.ओ. एवं ए.एन.एम. को दिया नोटिस



**भिण्ड ब्यूरो।** डॉ. डी.के. शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं श्री प्रफुल्ल सिंह कुशवाह, डब्ल्यू.एच.ओ. मॉनीटर के द्वारा विकासखण्ड लहार अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र महुआ का औचक निरीक्षण किया गया जहां पर पदस्थ सीएचओ निधि पखारिया, उपस्थित पाई गई एवं श्रीमती सरला भदौरिया, ए.एन.एम. के पास टीकाकरण, एनिमियां, विटामिन ए की डियूलिस्ट उपलब्ध न होने पर एवं परिवार नियोजन के साधन भी उपलब्ध नहीं होने पर एवं समय 12 बजे तक किसी भी हितग्राही को कोई लाभ नहीं दिया गया था। जिस कारण उन्हें कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। इसके पश्चात दोपहर 12:25 पर उप स्वास्थ्य केन्द्र देवरीकलां का भ्रमण किया गया जहां पर पदस्थ ए.एन.एम. रत्नेष तोमर अनुपस्थित थीं, कुछ समय के बाद वे अपने कार्य स्थल पर पहुंची। स्वास्थ्य संस्था पर परिवार नियोजन के साधन उपलब्ध न होने एवं अधिक मात्रा में एक्सपाईरी डेट की दवाईयां पाये जाने पर पदस्थ सीएचओ कुसाग्र सिरोही को अपने उत्तरदायित्वों के प्रति लापरवाही के सम्बंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। दिनांक 04 मार्च 2025 को डॉ.देवेश शर्मा, जिला क्षय अधिकारी, श्री राजेश शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं डॉ. अवधेश सोनी, जिला ऐपिडेमियोलॉजिस्ट के द्वारा विकासखण्ड रौन अंतर्गत उप स्वा. केन्द्र चांदोख का निरीक्षण किया गया जहां पदस्थ सीएचओ रोहिणी तिवारी, दोपहर 02 बजे तक अपने कार्य स्थल से अनुपस्थित पाई गई एवं स्वास्थ्य केन्द्र बंद पाया गया जिस हेतु उन्हें कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया है। डॉ. जे.एस. यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि पदस्थ जिम्मेदार कर्मचारियों द्वारा कार्य में लापरवाही किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। भविष्य में इसी प्रकार के औचक निरीक्षक किये जाते रहेंगे।

# उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ




**भिण्ड ब्यूरो।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्र. 01 भिण्ड में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सत्र 2025 का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मां गायत्री डीएड कॉलेज भिण्ड में किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी एवं स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री पुष्पराज सिंह, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र भिण्ड श्री आशुतोष साहू, कॉलेज संचालक श्री अंशुल त्रिपाठी, रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी श्री धीरज सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी श्री धीरज सिंह गुर्जर ने बताया कि सात दिवसीय विशेष शिविर माय भारत के लिए युवा एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन चार सत्र योग प्राणायाम, परियोजना एवं सर्वे कार्य, श्रम सीकर, बौद्धिक सत्र और सांस्कृतिक सत्र संचालित होंगे।

# परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड शहरी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

## श्रीमती गीता बघेल की सेवा समाप्त की, निरीक्षण के दौरान लगातार ऑगनवाडी केन्द्र पर अनुपस्थित रहने पर की गई कार्रवाई

**भिण्ड ब्यूरो।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड शहरी ने अनियमितता बरतने व निरीक्षण के दौरान लगातार ऑगनवाडी केन्द्र पर अनुपस्थित रहने व विभागीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, वरिष्ठ के आदेशों निर्देशों की स्पष्ट अव्हेलना संबंधि अनियमितता पाई जाने पर श्रीमती गीता बघेल आंबा0 कार्यकर्ता आं0बा0 केन्द्र क्र. 30/1 को पद से प्रथक कर दिया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड शहरी ने आदेश जारी कर कहा है कि सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2024, 27 मई 2024 एवं 28 मई 2024 को निरीक्षण किया गया जिसके तारतम्य में कार्यालयीन दिनांक 30 मई 2024 के द्वारा सात दिवस का मानदेयध्अतिरिक्त मानदेय कटोत्रा किये जाने हेतु श्रीमती गीता बघेल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाकर सचेत किया गया था जिसका उत्तर समाधारकारक नहीं पाया गया। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा कई बार आंगनवाडी केन्द्र 30/1 के अकास्मिक निरीक्षणों में भी आ.बा. सहायिका श्रीमती बघेल केन्द्र से अनाधिकृत रूप अनुपस्थित पाई गई।श्रीमती गीता वघेल ऑगनवाड़ी सहायिका आँगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 30/1 द्वारा अनियमितता बरतने व निरीक्षण के दौरान लगातार ऑगनवाडी केन्द्र पर अनुपस्थित रहने व विभागीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने, वरिष्ठ के आदेशों निर्देशों की स्पष्ट अव्हेलना संबंधि अनियमितता पाई गयी है एवं उक्त सहायिका द्वारा किसी भी प्रकार के सौंपे गये कार्यो के प्रति रूचि नहीं ली जा रही है जो कि विभागीय कार्य दायित्वों के निर्वहन में स्पष्ट अव्हेलना है तथा अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन महिला एवं वाल विकास मंत्रालय भोपाल के पत्र दिनांक 10 जून 2007 में जारी भर्ती नियम (4) के बिन्दु 01 में निहित प्रावधानों का स्पष्ट अव्हेलना है प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल का पत्र दिनांक 24 मई 2015 एवं संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल का पत्र दिनांक 01 जून 2018 तथा संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल का पत्र दिनांक 01 अगस्त 2016 संचालनालय एकीकृत बाल विकास सेवा म0प्र0 का पत्र दिनांक 27 सितम्बर 2014 तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः श्रीमती गीता बघेल ऑगनवाड़ी सहायिका ऑवबा0 केन्द्र क्र. 30/1 को अपर सचिव मध्यप्रदेश शासन महिला एवं वाल विकास मंत्रालय भोपाल के पत्र दिनांक 10 जून 2007 में जारी भर्ती नियम (4) के बिन्दु 01 में निहित प्रावधानों के तहत् अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए श्रीमती गीता बघेल आंबा0 कार्यकर्ता आं0बा0 केन्द्र क्र. 30ध्1 को पद से प्रथक किया जाता है। सेवा समाप्ति के पश्चात् श्रीमती गीता बघेल को मानदेयध्अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी। सेवा समाप्ति आदेश के विरूद्ध पीड़ित पक्षकार को 07 दिवस के अंदर अपील कलेक्टर जिला भिण्ड के समक्ष प्रस्तुत करना होगी।

# परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड ग्रामीण ने दो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं दो सहायिकाओं की सेवा समाप्त की

## पदीय दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही करने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन करने पर की गई कार्रवाई

**भिण्ड ब्यूरो।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड ग्रामीण ने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही करने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन करने पर श्रीमती सुमन देवी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वार, श्रीमती रेखा देवी सहायिका द्वार एवं श्रीमती कुसमा देवी आंगनबाडी कार्यकर्ता सनावई, श्रीमती माया देवी सहायिका सनावई को सेवा से पृथक कर दिया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड ग्रामीण ने आदेश जारी कर कहा है कि दिनांक 22 फरवरी 2025 को कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड तथा तहसीलदार द्वारा आंगनबाडी केन्द्र द्वार एवं सनावई का औचक निरीक्षण किया, जिसमें आंगनबाडी केन्द्र पर ताला लगा पाया गया तथा आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वार श्रीमती सुमन एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता सनावई श्रीमती कुसमा देवी द्वारा संपर्क एप पर उपस्थिति दर्ज करना नहीं पाया गया। आंगनबाडी केन्द्र द्वार की कार्यकर्ता श्रीमती सुमन, सहायिका श्रीमती रेखा देवी एवं आंगनबाडी केन्द्र सनावई की कार्यकर्ता श्रीमती कुसमा देवी, सहायिका श्रीमती माया देवी को केन्द्र का संचालन न करने करने के संबंध में पूर्व में संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये तथा परियोजना अधिकारी भिण्ड ग्रामीण द्वारा मुख्यालय पर निवास न करने, केन्द्र का नियमित संचालन न करने, म0प्र0 शासन द्वारा संचालित लाडली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय से उपलब्ध न कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत न करने, आंगनबाडी केन्द्र पर दर्ज बच्चों को पूरक पोषण आहार जैसी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को प्राप्त न होने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जबाब चाहा गया। आपके द्वारा किसी भी कारण बताओ सूचना पत्र का जबाव प्रस्तुत न करने तथा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लगातार लापरवाही करने, अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। जो कार्य के प्रति असंवेदनशीलता को भी दर्शाता है। अतः श्रीमती सुमन देवी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वार, श्रीमती रेखा देवी सहायिका द्वार एवं श्रीमती कुसमा देवी आंगनबाडी कार्यकर्ता सनावई, श्रीमती माया देवी सहायिका सनावई का उक्त कृत्य शासन के नियम निर्देशों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों-निर्देशों के उल्लंघन, घोर अनुशासनहीनता व असंवेदनशीलता का द्योतक है, प्रमुख सचिव महिला बाल विकास विभाग भोपाल एवं संचालनालय मबावि म.प्र. भोपाल, संचालनालय एकीकृत बाल विकास सेवा म.प्र. एवं म.प्र. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के पत्र का स्पष्ट उल्लंघन है जो कि अपर सचिव म.प्र. शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भोपाल का पत्र दिनांक 10 जून 2007 में जारी नियम (द) के बिन्दु क्रमांक 1 में निहित प्रावधानों के तहत उक्त आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड से अनुमोदन प्राप्त कर पद से पृथक किया जाता है। सेवा समाप्ति के पश्चात इनको मानदेयध्अतिरिक्त मानदेय की पात्रता नहीं होगी।सेवा समाप्ति के आदेश के विरूद्ध पीडित पक्षकार को सात दिवस के अंदर अपील जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करना होगी।

# ई-सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाईन व्यवस्था के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर ई-सामान्य भविष्य के अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाईन व्यवस्था के संबंध में ई-दक्ष केन्द्र में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों तथा लेखा का कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण में जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित वर्मा, सहायक कोषालय अधिकारी श्री एसके जैन सिस्टम मैनेजर श्री विजय कुमार जैन के अलावा कोषालय के कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण कोषालय अधिकारी श्री अमित वर्मा द्वारा ई-सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान की नवीन ऑनलाईन व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सामान्य भविष्य निधि (ईजीपीएफ) में अंतिम भुगतान की ऑनलाईन व्यवस्था ई-सामान्य भविष्य निधि 21 फरवरी 2025 से समस्त कोषालयों में लागू की गई है जो समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियो के लिए लागू की गई है। आईएफएमआईएस अन्तर्गत ई-सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान व्यवस्था पूरी तरह ऑनलाईन व्यवस्था है। इसमें शासकीय सेवक सेवानिवृत्ति के 4 माह पूर्व सामान्य भविष्य निधि अंतिम भुगतान हेतु आईएफएमआईएस में ऑनलाईन आवेदन करेगा यह आवेदन स्वयं के लॉगिन से या विशेष परिस्थिति में डीडीओ द्वारा ऑनलाईन किया जा सकेगा। दिवंगत तथा सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की स्थिति में आहरण एवं संवितरण अधिकारी ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन के साथ जीपीएफ पासबुक एवं अन्य आवश्यक जरूरी दस्तावेजो को दो-दो एमबी में स्केन कर प्रकरण के साथ ऑनलाईन महालेखाकार को प्रेषित की जाएगी।

# ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन के लिये हो प्रभावी कार्रवाई

## गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक निकले, इसके लिये चलाया जाए जन जागरुकता अभियान, संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने कचरा प्रबंधन के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

**ग्वालियर।** संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने कहा है कि शहर में ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन के कार्य को प्राथमिकता से किया जाए। घर-घर से सूखा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक एकत्रित हो, इसके लिये भी सभी प्रबंधन किए जाएं। ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन के लिये जन जागरूकता के लिये विशेष प्रयास किए जाएं। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देश पर कचरा प्रबंधन के संबंध में आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन के लिये आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संभागीय अधिकारी श्री सेंगर, डीआरडीए के अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में वरिष्ठ एडवोकेट श्री दीपक खोद, श्री विवेक खेड़कर, श्री के एल गुप्ता भी ऑनलाइन शामिल हुए। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने कहा कि शहर में ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन के लिये संचालित प्लांट पूरी क्षमता के साथ कार्य करे। इसके साथ ही कचरा ट्रांसफर स्टेशन के माध्यम से भी गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक किया जाए। शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों के माध्यम से भी सूखा एवं गीला कचरा पृथक-पृथक एकत्र हो, यह सुनिश्चित किया जाए। आम नागरिकों को सूखा एवं गीला कचरा घर से ही पृथक-पृथक देने के लिये जागरूकता अभियान भी व्यापक स्तर पर चलाया जाए। जागरूकता अभियान में जनप्रतिनिधियों से भी सहयोग लिया जाए। क्षेत्रीय पार्षद के नेतृत्व में प्रत्येक वार्ड में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने कहा कि शहर की विभिन्न संस्थाओं के साथ-साथ बैठकें आयोजित कर गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग घरों से निकले, इसके लिये



संवाद किया जाए। इसके साथ ही स्कूल, मैरिज गार्डन, हॉस्पिटल, बड़े व्यवसाय केन्द्र, होटल एवं अन्य संस्थाओं को भी जन जागरूकता में भागीदार बनाया जाए। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने पॉलीथिन के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिये भी विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग न हो इसके लिये जन जागरूकता के साथ-साथ दण्डात्मक कार्रवाई भी की जाए। थोक पॉलीथिन विक्रेताओं के विरूद्ध भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि नगर निगम के साथ-साथ शहर की सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के माध्यम से भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिये कार्य करने की आवश्यकता है। समाज के सभी वर्गों को जोड़कर शहर में जागरूकता का व्यापक अभियान चलाया जाए। बल्क वेस्ट जनरेटरों की भी बैठकें आयोजित कर उन्हें गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक करने के दिशा-निर्देश दिए जाएं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन के लिये नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा प्रतिदिन प्लांट के माध्यम से कचरे का निष्पादन करने के साथ-साथ ही घर-घर जाकर गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिये जन जागरूकता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विभिन्न आयोजनों के माध्यम से भी समाज के सभी वर्गों को जोड़कर कचरा प्रबंधन की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में वरिष्ठ एडवोकेटों ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सुझावों के आधार पर आगामी कार्ययोजना में कार्य करने का आश्वासन भी दिया गया।

# बाल विवाह मे सेवा प्रदाता व कानून विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**ग्वालियर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह मे सेवा प्रदाता व कानून विषय पर गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के सभागार मे आयोजित कार्यशाला में सहायक संचालक राहुल पाठक, बाल कल्याण समिति के सदस्य संतोष शर्मा, मनीष शर्मा, अंजू भदोरिया, रश्मि त्रिपाठी, सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था के अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ, प्रोजेक्ट कोऑर्डनैटर राजेन्द्र सोनी, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक समैत सेवा प्रदाता के रूप मे आए हुए हलवाई, केटरिंग सर्विस संचालक, बैंड सेवासंचालक, मेरिज गार्डन संचालक, पंडित आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभाग



के सहायक संचालक राहुल पाठक ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया व इस कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डनैटर राजेन्द्र सोनी द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों पर प्रकाश डाला साथ की सेवा प्रदाता की बाल विवाह रोकने मे उनकी भूमिका पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया की लड़की जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम व लड़का जिसकी उम्र 21 वर्ष से कम है और उनका विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी मे आता है और इस अधिनियम के अंतर्गत 2 वर्ष तक का कठोर कारावास व 1 लाख का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

# जन अभियान परिषद द्वारा संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गुरुवार को स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर उपस्थित थे। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री नागर ने स्वैच्छिक संगठनों के एक दिवसीय प्रशिक्षण में आदर्श ग्राम और वृंदावन ग्राम में मोहन मालवीय जी का उदाहरण देते हुए पाठशाला, मल्हशाला, धर्म शाला के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विनोबा भावे जी की आदर्श ग्राम परिकल्पना में गौशाला, पाठशाला, व्यायायाम शाला, यज्ञ शाला, वेद शाला के संबंध में भी विस्तार से बताया। उन्होंने आदर्श ग्राम बनाने के लिये



स्वैच्छिक संगठनों से आह्वान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पौधरोपण किया गया, जिसमें पीपल, बरगद एवं नीम का पौधा लगाया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा संभागीय समन्वयक श्री सुशील बरूआ ने बताई। इसके साथ ही समाज और परिषद के बीच की गतिविधियों पर श्री राजेश सोलंकी ने प्रकाश डाला। इसके साथ ही लाल टिपारा गौशाला के संत श्री ऋषभानंद जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वय अधिकारी श्री मनोज दुबे ने किया और अंत में आभार प्रदर्शन समन्वयक श्री धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित ने व्यक्त किया।

# योजनाओं का लाभ उठाकर युवा आत्मनिर्भर बनें : सांसद श्री कुशवाह

## एमएसएमई आउटरीज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**ग्वालियर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की ग्वालियर जिले में स्थित सभी शाखाओं में संयुक्त रूप से राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में एमएसएमई आउटरीज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के केन्द्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन, कैट संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र जैन, लीड बैंक अधिकारी श्रीमती अमिता शर्मा, जिला पंचायत के डीपीएम श्री विनीत गुप्ता एवं लगभग 400 बैंकों के ग्राहक उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि यूनियन बैंक के माध्यम से ग्राहकों को विभिन्न व्यवसायों हेतु ऋण प्रदान करने का जो कार्यक्रम आयोजित किया है वह सराहनीय है। केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की




विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी युवओं को स्वयं के रोजगार स्थापित करने के लिये सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने स्वंय का रोजगार स्थापित करें और अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करने वाला बनें। कार्यक्रम में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक श्री के एस सोलंकी ने भी युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये शासन की विभिन्न योजनायें संचालित हैं। युवा इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करें। इस मौके पर जिला पंचायत के डीपीएम श्री विनीत गुप्ता ने भी स्व-सहायता समूह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में अतिथियों के माध्यम से हितग्राहियों को 51 करोड़ रूपए के ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने साडा क्षेत्र में देखीं विकास की संभावनायें

## नगर निगम आयुक्त एवं सीईओ साडा के साथ किया भ्रमण



**ग्वालियर।** ग्वालियर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) में विकास की संभावनाओं को तलाशने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी साडा श्री प्रियांशु सक्सेना के साथ साडा क्षेत्र का भ्रमण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने भ्रमण के दौरान कहा कि ग्वालियर में अत्याधुनिक एयरपोर्ट के साथ ही साडा क्षेत्र में वेस्टर्न बाइपास का निर्माण भी शीघ्र होने जा रहा है, इस दृष्टि से साडा क्षेत्र में नए उद्योग एवं अन्य व्यवसाय भी तेजी से प्रारंभ हो सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि साडा क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा जो भूमि मांगी गई है, जिनमें सेंट्रल जेल, आईटीबीपी एवं अन्य संस्थायें शामिल हैं। यह संस्थायें शीघ्र साडा क्षेत्र में आएँ, इसके साथ ही अन्य संस्थाओं को भी साडा क्षेत्र में लाने के सार्थक प्रयास किए जाना चाहिए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने यह भी कहा है कि साडा क्षेत्र में जहाँ-जहाँ प्लॉट्स हैं वहाँ पर योजना के नाम के शाइनेज लगाए जाएं। इसके साथ ही उपलब्ध भूमि के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जानकारी मिले, इसके लिये हर स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए ताकि इच्छुक संस्थायें एवं उद्योग साडा क्षेत्र में स्थापित हो सकें। उन्होंने ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा साडा से एयरपोर्ट तक बनने वाली सड़क के निर्माण के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साडा के सीईओ श्री प्रियांशु सक्सेना ने साडा क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं वर्तमान में संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यवसायिक प्लॉटों के विक्रय के प्रयास भी साडा द्वारा किए जा रहे हैं। इसके साथ ही कई संस्थाओं द्वारा साडा क्षेत्र में भूमि की मांग की गई है, जिन पर कार्य किया जा रहा है। आगामी दिनों में अन्य योजनाओं के माध्यम से साडा में विकास के कार्यों को तेजी से किया जायेगा।

# लूट व चोरी के प्रकरण में फरार 07 हजार रूपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**उक्त आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा थाना चीनोर के लूट के प्रकरण में 05 हजार एवं थाना करहिया के ट्रेक्टर चोरी के प्रकरण में 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था, उक्त प्रकरणों में 03 आरोपियों को पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।**

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) के निर्देश पर ग्वालियर जिले में अवैध हथियार रखने वाले एवं फरारी इनामी बदमाषों की घरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में दिनांक 06.03.2025 को थाना चीनोर पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति किसी गंभीर घटना कारित करने के उद्देश्य से भौरी की पुलिया पर अवैध हथियार लेकर खड़ा हुआ है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर से अति0 पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री निरंजन शर्मा द्वारा थाना चीनोर पुलिस को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के उक्त निर्देषों के परिपालन में एसडीओपी भितरवार श्री जितेन्द्र नगाइच के कुशल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी चीनोर उनि0 शैलेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा थाना बल की टीम को मुखबिर के बताये स्थान भौरी की पुलिया पर कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम को भौरी की पुलिया के पास आम रोड पर मुखबिर के बताए हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति खडा दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को



देखकर भागने का प्रयास किया, परंतु पुलिस टीम द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड लिया। पकडे गये संदिग्ध से नाम पता पूछने पर उसने स्वयं को खेड़ा दिगवार थाना सबलगढ जिला मुरैना का रहने वाला बताया। पकडे गये व्यक्ति की तलाषी लेने पर उसके पास से 315 बोर का देषी कट्टा मय एक जिंदा राउण्ड के मिला जिसे पुलिस टीम द्वारा विधिवत जप्त किया गया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये व्यक्ति से गहनता से पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनांक 25.05.2023 को यादव फर्म हाउस ग्राम सूरजपुर थाना चीनौर पर लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया व दिनांक 01.06.2023 की रात्रि को ग्राम चौतगांव थाना करहिया से भी एक ट्रेक्टर ट्राली अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को थाना चीनोर के अपराध सदर में गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण के 03 आरोपियों को पूर्व मे ही गिरफ्तार किया गया था। पकड़ा गया आरोपी निवासी खेड़ा दिगवार थाना सबलगढ़ जिला मुरैना विगत दो वर्षों से ही फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 5000 रुपये व थाना करहिया से 2000 रुपये कुल 7000 रुपये का ईनाम भी घोषित किया गया था।

**जप्त हथियारः-** 315 बोर का कट्टा मय 01 जिंदा राउण्ड।

**सराहनीय भूमिका** - उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चीनोर उनि0 शैलेन्द्र सिंह गुर्जर, साइबर सेल प्रभारी उनि0 रजनी रघुवंशी, सउनि0 बनवारीलाल सैन, आर0 विनय विजावर, संजय शर्मा, अतुल सिंह चौहान, विष्णु जादौन, आर0 जैनेन्द्र गुर्जर(साइबर सेल) की सराहनीय भूमिका रही।

# महापौर लोकमंत्रणा में आए हितग्राहियों की समस्याएं सुनकर महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**ग्वालियर।** महापौर लोकमंत्रणा के दौरान आने वाले हितग्राहियों की समस्याओं का शत प्रतिशत निराकरण हो इसके लिए संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करें। उक्ताशय के निर्देश महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने महापौर लोकमंत्रणा में संबंधित अधिकारियों को दिए। लोकमंत्रणा में मेयर इन काउंसिल की सदस्य श्रीमती गायत्री सुधीर मंडेलिया, श्रीमती प्रेमलता धर्मेन्द्र जैन, विधायक प्रतिनिधि श्री मदनलाल सोनी, अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। महापौर लोकमंत्रणा में वार्ड 18 महावीरपुरम, आदित्यपुरम निवासी श्रीमती प्रेमलता ने आवेदन देते हुए महापौर डॉ. सिकरवार को अवगत कराया कि पिछले एक वर्ष से घरों में पेयजल लाइन से पानी नहीं आ रहा है और बिल बराबर आ रहा है। आवेदक ने पेयजल लाइन चालू कराये जाने के



संबंध में अपना आवेदन महापौर को दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही वार्ड 16 न्यू कॉलोनी नम्बर-1 बिरला नगर निवासी श्री राजेन्द्र प्रसाद ने कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट एवं साफ सफाई की काफी गंभीर समस्या है, आवेदक ने उचित कार्यवाही के संबंध में आवेदन महापौर डॉ. सिकरवार को दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए महापौर डॉ. सिकरवार ने संबंधित अधिकारी को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही लोकमंत्रणा में 16 से अधिक आवेदन आये जिस पर महापौर डॉ. सिकरवार ने सुनवाई करते हुए उनके तत्काल निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ।

# सडक पर गोबर फेंकना एवं गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही गंदगी करने वाले एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वाले एवं रेड स्पॉट करने वाले लोगों पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्वालियर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है । वहीं दूसरी ओर गंदगी करने वाले दुकानदारों एवं आमजनों पर नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया जा रहा है । जिसके तहत आज ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय ठाकुर के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 5 मस्तान बाबा के पास गोबर सडक पर फेंकने पर 500 रूपये का जुर्माना वसूला गया। इसके साथ ही वार्ड 36 में दुकानदारों द्वारा सडक पर गंदगी फेंकने पर 1100 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनू वाल्मीकि, श्री अर्जुन दास, फ्लाइंग स्क्काड श्री नंदेश कुमार आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही दक्षिण



विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में गंदगी फैलाने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई जिसमें वार्ड 41 में 2000 रुपए, वार्ड 42 में 500 रुपए एवं वार्ड 43 में 500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इसके सथ ही वार्ड 39 उमा कॉलोनी के रहवासियों के साथ स्वच्छता की बैठक की तथा उन्हों बताया कि अपने घरों पर दो-दो डस्टबिन रखें गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके डोर टू डोर गाड़ी में ही डालें। इस अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रामचंद्र धौलपुरिया, डब्ल्यूएचओ श्री राहुल पथरोल आदि उपस्थित रहे। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी श्री विवेक त्यागी के निर्देशन में पुरानी छावनी में गंदगी फैलाने वालों पर 500 रुपये का जुर्माना किया गया।

# प्रमुख बाजारों से हटाया अस्थाई अतिक्रमण, यातायात को किया सुगम

**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज महाराज बाड़ा, टोपी बाजार, छापा खाना, नजरबाग मार्केट, गांधी मार्केट, मोर बाजार पर यातायात में बाधक हाथ ठेलों, फुटपाथी विक्रेताओं एंव अन्य अस्थाई अतिक्रमण को मदाखलत निरीक्षक श्री सुघर सिंह एंव 'दल (दक्षिण) द्वारा हटवाने एवं सामान जप्त करने की कार्यवाही की गई।



# सागर ताल के पास कृष्णा रेसीडेंसी द्वारा किए जा रहे अवैध कॉलोनी के निर्माण कार्य को हटाया

**ग्वालियर।** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रहीं अवैध कॉलोनियें पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। कॉलोनाइजरों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश, ग्वालियर एवं नगर निगम ग्वालियर की अनुमति के बिना कॉलोनियों में विकास कार्य किए जा रहे थे। जिन पर कार्यवाही करते हुए निगम अमले द्वारा विकास कार्यो को हटाया गया। नोडल अधिकारी कॉलोनी सेल श्री महेन्द्र अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार सिटी प्लानर श्री पवन सिंघल के निर्देशन में नगर निगम सीमांतर्गत अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत सागर ताल से जलालपुर वाले रोड पर कृष्णा रेसीडेंसी नाम से अवैध कॉलोनी का निर्माण सर्वे क्रमांक 187/2/2,



491/2, 492/2, 482/2, 483, 485/2, 488/2, 489,490, 494, 496, 498, 499, 500, 501, 502, 503 रकवा 1.441 पर ग्राम जगनापुरा में श्री सर्वेश सिंह तोमर पुत्र जय सिंह तोमर, रूचि तोमर पत्नी देवेश तोमर, अज्ञात गुप्ता पुत्र श्याम बाबू गुप्ता, कमलेश राय पुत्र राजाराम राय, हेमंत शर्मा द्वारा बिना कॉलोनी विकास अनुज्ञा नगर निगम ग्वालियर से प्राप्त कर अवैध कॉलोनी का विकास निर्माण कर प्लॉटों का अवैध विक्रय किया जा रहा है। जिस पर कच्ची रोड, ऑफिस व साइट का बोर्ड निकाल कर जप्त किया गया। कार्यवाही में तहसीलदार श्री सत्येन्द्र तोमर, नगर निगम से सहायक नगर निवेशक, भवन अधिकारी श्री यशवंत मैकले, भवन निरीक्षक श्री राजेश परिहार, मदाखलत अमला एवं पुलिस अमला उपस्थित रहा।

# निगम परिषद में बजट पर चर्चा आज

**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद के बजट पर चर्चा का आयोजन शुक्रवार दिनांक 7 मार्च 2025 को दोपहर 3 बजे सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में जल विहार परिषद सभागार में आयोजित की जाएगी।

## संपादकीय


# बसपा के अंदर का घमासान सतह पर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के हालिया फैसले ने एक बार फिर उत्तर भारत की सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति को सरगर्म कर दिया है। मायावती ने सभी को चौंकाते हुए भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोआर्डिनेटर) समेत सभी पदों से हटाने का फैसला लिया है। साथ ही पार्टी प्रमुख ने अपने जीते-जी किसी को भी उत्तराधिकारी नहीं बनाने का सख्त निर्णय भी सुना दिया। स्वाभाविक है, मायावती के इस फैसले से न केवल उनकी पार्टी के लोगों को बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी अचरज में डाल दिया है। आकाश पार्टी का युवा चेहरा हैं। हालांकि जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए पार्टी का प्रदर्शन निचले स्तर का रहा। 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी का प्रदर्शन बेहद फीका रहा। यहां तक कि पिछले महीने संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे, लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी। गौरतलब है कि मायावती ने आकाश को पहली बार राष्ट्रीय समन्वयक पद से नहीं हटाया है। पिछले साल लोक सभा चुनाव से पहले भी आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की जरूरत है। मायावती के साथ एक नकारात्मक बात यह है कि वह कभी भी सड़क पर नहीं उतरती हैं। राजनीति की गहरी समझ रखने वाले और विपक्षी दलों के नेता भी यह मानते हैं कि अब खुल कर राजनीति करने के मायावती के दिन नहीं आने वाले। खासकर भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख रखने के स्वभाव को मायावती ने बहुत पहले साइडलाइन कर रखा है। वह भाजपा के दबाव में हैं। बहरहाल, मायावती के फैसले के बाद आकाश की प्रतिक्रिया में ही भविष्य के संकेत निहित हैं। आकाश का यह कहना कि परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है', इस बात को भलीभांति स्पष्ट करती दिखती है कि बसपा में अभी बहुत कुछ घटित होने वाला है। देखना है मायावती के हार्डकोर समर्थक पार्टी के लिए कितने फायदेमंद रहते हैं या पार्टी के अंदर का घमासान सतह पर आकर बसपा वोटर्स को असहज करते हैं।

# जीवन के हर मोर्चे पर संघर्षरत भारतीय नारी

(आर. सूर्य कुमारी-विनायक फीचर्स)

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**





भारतीय नारी आज के समय में विश्व की ऐसी नारी है जो अपने जीवन में कई - कई मोर्चों पर संघर्ष कर रही है, और जीवन जीने के नए मायने तलाश रही है। हालांकि हमारे देश में भी अवैध सेक्स के प्रति रुझान बढ़ रहा है साथ ही साथ लिव इन जैसी बुराइयां भी घर कर रही हैं। हर रोज महिलाओं के साथ हत्या - अत्याचार जैसी दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इस कारण जो महिला जीवन मूल्यों को साथ रखकर चलना चाहती है, उसके सामने निश्चित रूप से बहुत सारी चुनौतियां पेश आती हैं। भारतीय महिला के सामने शादी और संतान जैसी अनिवार्यता निश्चित रूप से सामने आती है। एक वक्त उसे यह एहसास हो जाता है कि शादी में जीवन की जो सुरक्षा - संरक्षा की सकारात्मक स्थिति है, दूसरे तरह के जीवन में नहीं है। वह विवाह करती है और वात्सल्य का आनंद भी लेती है। लेकिन इतने भर से उसकी जिम्मेदारी व जिम्मेवारी समाप्त नहीं हो जाती। उसके सामने एक चुनौती होती है कि संतानों को पाल - पोस कर, पढ़ा - लिखा कर उनको एक सकारात्मक जीवन का मालिक बना दे। और इस पूरे क्रम में पति की जो भूमिका होती है, निश्चित रूप से कम नहीं होती, मगर एक पत्नी के बराबर की भी नहीं होती। घर के सारे काम - काज में भी महिलाओं की भूमिका बहुत चुनौतीपूर्ण होती है। पति - बच्चे, घर - परिवार, रिश्तेदारी - नातेदारी, सब के सब किसी न किसी स्तर पर अभिमान का आभास कराते हैं, मगर जब इनके निर्वाह की जटिल समय आती है तो पसीने छूट जाते हैं। वह एक महिला ही समझ सकती है, बजट का ध्यान रखकर घर - परिवार की गाड़ी को दौड़ाना कितना मुश्किल है। एक तो आज की भारतीय नारी अपने अधिकारों के प्रति सजग हो गई है, साथ ही साथ मंहगाई और आवश्यकताओं के इस दौर में उसे घर से निकलकर रुपए कमाने के लिए भी तैयार होना पड़ रहा। यह जरूरी नहीं कि सभी महिलाओं को सरकारी नौकरी मिल जाए। ज्यादातर महिलाओं को निजी क्षेत्रों में जाना पड़ता है। और इन परिस्थितियों में अघोषित नियमों और शर्तों के साथ समझौता करना सभी महिलाओं के वश की बात नहीं होती है। आज की बहुत बड़ी सच्चाई तो यह है कि निजी क्षेत्र का एक बहुत बड़ा हिस्सा निरंकुश हैं और यहां कामकाजी महिला कंपनी मालिक की निजी संपत्ति होती है और वह मनमाने तौर पर उसका इस्तेमाल करता है। अगर कामकाजी महिला की पृष्ठभूमि मजबूत व सुदृढ़ होती है तो कोई बात नहीं, अन्यथा तो कंप्रोमाइज करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। और एक चुनौती ! समाज में रहकर एक महिला सामाजिक जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ सकती। भारतीय समाज में औरतों की स्थिति अच्छी नहीं है। महिलाएं खुद महिलाओं की टांग खींचने का काम करती हैं। आजकल महिलाओं में बच्चों का विकास, उनका स्वास्थ्य, उनकी शिक्षा - दीक्षा आदि को लेकर चर्चाएं कम होती हैं। नारी की उन्नति को लेकर चर्चाएं कम होती हैं, घर - परिवार के विकास को लेकर चर्चाएं कम होती हैं, बस वहां निंदा शास्त्र का अनवरत पाठ चलता रहता है। अवांछित व लाभ रहित चर्चाएं ज्यादा होती रहती हैं। हर रोज यह क्रम चलता रहता है कि आज किसको बदनाम किया जाए, किसका अपमान किया जाए। कुल मिलाकर सामूहिक प्रगति के स्थान पर व्यक्तिगत आलोचना बढ़ती चली जा रही है। ऐसे वातावरण में अपने लिए स्थान बनाना उन महिलाओं के लिए बहुत बड़ा संकट है जो समाज के लिए कुछ रचनात्मक करना चाहती हैं,कुछ सकारात्मक करना चाहती हैं। और ऐसी तमाम चुनौतियों के बावजूद भारतीय नारी की मूल आत्मा कुछ अच्छा कर जाने के लिए लालायित रहती है और संघर्ष करती हुई कुछ आयामों तक पहुंच ही जाती है। अंतरराष्टीय महिला दिवस का उपलक्ष्य है। भारत की सभी महिलाओं को सकारात्मक सोचना होगा, अपने अंदर दृढ़ता लानी होगी। समाज के लिए अच्छा सोचकर एक अच्छा सामाजिक प्राणी बनना होगा, देश के बारे में सोचकर एक सच्चा देशप्रेमी बनना होगा। अपनी पीढ़ियों को रास्ता दिखाना होगा, अन्याय का विरोध करना होगा, नकारात्मक जीवन से तौबा करना होगा। जो आगे बढ़ जाए वही धारा है। आप सभी को अंतरराष्टीय महिला दिवस की असंख्य शुभकामनाएं।

## शब्द सामर्थ्य - 347

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# गले मिलने से नहीं गले पड़ने से गढ़ जीते जाते हैं

अन्ना दुराई

छोटा हो या बड़ा, हर देश का अपना मान सम्मान होता है। बात जब स्वाभिमान की हो तो न आगे देखा जाता है न पीछे। न पक्ष होता है न विपक्ष। समूचे नागरिकों का विश्वास अपने नेतृत्व के साथ जुड़ा होता है। अपने देश का पक्ष मजबूती के साथ रखने की भावना एक दूसरे में होती है। हर नेता अपने राष्ट की आन बान और शान के लिए जी तोड़ प्रयास करता है। वो हर हाल में अपने नागरिकों के हितों के लिए संघर्ष करता है। अपना नहीं अपने नागरिकों के भले की नियत होती है। दो देशों के नेता जब आपस में बात करते हैं तो सबकी निगाह उनपर टीकी होती है। सबने देखा, गलत बयानी करने पर अमरीकी राष्टपति को एक अन्य राष्टाध्यक्ष का हाथ पकड़ कर रोक देना। हाल ही में अमरीकी राष्टपति और यूक्रेन प्रमुख की तीखी तकरार ने तो झकझोरने और इससे कुछ सीखने का रास्ता दिखाया है। कभी कभी सूट बेरंग हो जाता है और कभी कभी टीशर्ट पार्टी लूट लेता है। इसलिए सच को सच और झूठ को झूठ कहने का साहस भारत को जुटाना होगा।

हमारे यहाँ इन दिनों काम के लिए कम और नाम के लिए कुछ ज्यादा ही होने लगा है। यहाँ झूठी प्रशंसा के पूल बांधे जाते हैं। हमारे राष्ट प्रमुख जब अन्य किसी देश के राष्टपति या प्रधानमंत्री से मिलते हैं तो जनता के समक्ष बेकार की बातें ही परोसी जाती है। हमारे यहाँ सफलता का पैमाना बड़ा ही हास्यास्पद सेट कर दिया गया है।

हमारे देश के प्रमुख से कोई हाथ मिलाने के साथ साथ यदि गले मिल ले तो ऐसे प्रचारित होता है मानों गढ़ जीत लिया हो। हमारे देश के प्रमुख को कोई बाहर तक रिसिव करने आ जाए या कुर्सी सरकाकर आदरपूर्वक बिठा दे तो मिठाई बंट जाती है। हर देश के आदर सत्कार के अपने अपने नियम होते हैं। उसी दायरे में सामान्य शिष्टाचार सभी के साथ निभाया जाता है लेकिन हंसी आती है जब ऐसी छोटी मोटी बातों पर सभी का ध्यान भटका दिया जाता है। अपने देश और अपने नागरिकों के लिए क्या किया, सब गौण हो जाता है। व्यक्तिगत महिमा मंडन से मसले हल नहीं होते। इसके लिए नीतियों पर दृढ़ता से अपना पक्ष रखने से राष्ट का भला होता है। कार तक छोडने आने और कार में ससम्मान बिठा कर विदा करने से कुछ नहीं होता। अपने देश की धरती पर उतरते वक्त हम अपने नागरिकों के लिए क्या लाए हैं, यह महत्वपूर्ण होता है। व्यक्तिगत प्रशंसा के लिए देश को दाव पर लगा देना, सामने वाले की हर बात पर मौन रहकर सिर हिलाना किसी भी मायने में उचित नहीं है। हमें तो वो दिन देखना है जब भारत के हितों के लिए, उसके आत्म सम्मान के लिए मुद्दों पर एक दूसरे के बीच संघर्ष होगा। सिर्फ निजी वाहवाही के लिए नहीं बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का कद गर्व से ऊंचा करने के प्रयास होंगे।

### सर्वोत्तम औषधि मनः शांति की

## मानसिक स्वस्थता के लिए मन की शांति सर्वोत्तम औषधि हैं यह

प्रदीप छाजेड़

( बोरावड )



स्वयं द्वारा स्वयं को भी दी जा सकती है ।यह बहुत सरल विधि हैं । इसमें किसी से कुछ कभी नहीं चाहना वह और-और का सदा के लिए ही त्याग कर देना हैं । क्योंकि ईच्छा आकाश के समान अनन्त होती है इसका कोई छोर नहीं होता हैं । हम जो मिल जाता है पुण्योदय से ,उसमें संतुष्टि का अनुभव न कर आपाधापी और दूसरे से जलन ,कि उसके पास मेरे से ज्यादा कैसे हो गया, के नकारात्मक चिंतन से अप्रसन्न रहते है।

तभी एक राजा ,एक धनाढ्य आदि से एक गरीब,फटेहाल और अकिंचन आदि ज्यादा खुश रहता है प्रायः। हम अपना स्टेटस दूसरों का कम करके करना चाहते हैं ,सारी उम्र इसमें गुजार देते हैं और नाखुश रहते हैं,हम अपना स्टेटस दूसरे से ज्यादा अपने काल - भाव स्वास्थ्य आदि के हिसाब से और सही से मेहनत करके, बढाकर नहीं करने की सोचते। इतना ही नहीं,प्रायः देखा जाता है ,जो सद्गुणों से भरपूर होता है ,उससे ग्रहण करने का चिंतन न बनाकर ,वो मेरे से ज्यादा कैसे निकल गया कि ईर्ष्या से नाखुश रहते हैं,हम आत्मावलोकन करे और जो पुण्योदय से मिला है,वो पर्याप्त है,अपने से नीचे को देखे की हमें पुण्योदय से संज्ञी पंचेन्द्रिय मनुष्यभव पाया है, इसका सदुपयोग करके हलुकर्मी हो,जिससे कर्ममुक्ति के नजदीक हम पहुंच सकें। प्राप्त ही पर्याप्त है, सन्तोष परम् सुख है,खुशी का राज है । इस तरह हम कह सकते हैं उल्लास की यह जन्म स्थली हमारी ही निर्विकार आत्मा हैं जिसमैं खुशियों की सरिता अपने ही भीतर बह रही है और वो संतोष , सद्भाव , अनासक्ति आदि की लहरियों का लहराता समंदर हैं क्योंकि जब कुछ पाने की इच्छा का ही भाव नहीं होता है तब फिर न मिलने पर तनाव का घाव उसके मन में कभी भी नहीं होगा ।

# राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। नव विवाहित दंपत्ति आज कहीं घूमने जायेंगे।

**वृषभ**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। कमर दर्द से जुडी परेशानी के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। कहीं रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा।

**मिथुन**

आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता मिलेगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा। आपके घर में शुभ कार्यक्रम का आयोजन होने से मन प्रफुल्लित रहेगा। लोगों का आना-जाना लगा रहेगा।

**कर्क**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको खुशी महसूस होगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह**

आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया करेंगे, किसी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते है। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। लोन के लिए दिया आवेदन आज स्वीकृत हो जायेगा। आज आपका पारिवारिक सौहार्द बढ़िया रहने वाला है।

**कन्या**

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। आज कॉम्पटीटिव परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पढ़ाई व काम के बीच संतुलन बनाकर रहेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा।

**तुला**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा ख़ासा फ़ायदा मिलने के संकेत हैं। सुख सुविधाएँ जुटाने के लिए समय श्रेष्ठ रहेगा।

**वृश्चिक**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम शुरू करने से पहले, उसके जानकर व्यक्ति की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। किसी के साथ चल रही अनबन से आज आपको छुटकारा मिलेगा। परिवार के बड़े बुजुर्गों का ध्यान रखें।

**धनु**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति होगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी बड़ी कंपनी से जॉब का प्रोपोजल आयेगा। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। आज लवमेट कहीं घूमने जा सकते हैं, जिससे रिश्ते की डोर और मजबूत बनेगी। सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है।

**मकर**

आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा, जिससे आपको रिलैक्स फील होगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियाँ बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। आज कार्यक्षेत्र में मेहनत कर रहे लोग सफल होंगे। अपना बायोडाटा भेजने या किसी इंटरव्यू देने के लिये काफी अच्छा समय चल रहा है। आज आपकी महत्वाकांक्षा को काफी बल मिलेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

**कुंभ**

आज आपका दिन खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

**मीन**

आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। अर्थराईटिस की परेशानी से जुड़े लोगों को आज राहत मिलेगी। आज परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। आज लेखकों के मन में नयी स्टोरी लिखने का विचार आ सकता है।

# अब असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर

डा. जयंतीलाल भंडारी

**इन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोक सभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने की बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है।**

वित्त मंत्री ने पिछले वर्ष जुलाई, 2024 के बजट भाषण में कहा था कि आयकर कानून की कई धाराएं प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई थीं। कानूनी जटिलताएं भी कर अनुपालन में उभरीं और मुश्किलों व मुकदमेबाजी का सबब बनीं। नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून, 2025 के रूप में एक अप्रैल, 2026 से मौजूदा आयकर कानून, 1961 की जगह ले लेगा।

गौरतलब है कि 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे। खास तौर से 1981 में कंप्यूटरीकरण की शुरु आत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उनसे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली वहीं उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचानरहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचानरहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्त्वपूर्ण हैं।

इसके अलावा, नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन



के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं।

स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है।

सरकार की मुट्ठि में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में भी मदद करता है। खास तौर से इस समय जब 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नये आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नये आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है।

इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटा कर नये विधेयक में केवल 2.60 लाख शब्द रखे गए हैं। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नये विधेयक ने इन्हें घटा कर 536 कर दिया है। नये आयकर विधेयक में %चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नये विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब %असेसमेंट ईयर' की जगह %टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर एक अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरंसी और अन्य डिजिटल असेट्स को %कैपिटल असेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नये टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। नये आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना लगाना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल, 2026 से लागू होने वाले नये आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि नया टैक्स रिजीम कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निस्संदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा।

# ऐतिहासिक वेंकट क्लब को रचनात्मक और खेल गतिविधियों का केन्द्र बनाएं : कमिश्नर



**रीवा,कासं.।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने वेंकट क्लब में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि ऐतिहासिक वेंकट क्लब में सभी संभागीय और जिलाधिकारी सदस्य अवश्य बनें। सभी अधिकारी ऐतिहासिक वेंकट क्लब में सक्रिय भागीदारी निभाकर इसे रचनात्मक और खेल गतिविधियों का केन्द्र बनाएं। क्लब में लॉन टेनिस, बिलियर्ड्स, बैडमिंटन तथा अन्य खेलों के साथ जिम की सुविधा उपलब्ध है। इनका उपयोग क्लब के सदस्य के सभी परिवारजन भी उठा सकते हैं। इसकी गतिविधियों के माध्यम से शरीर और मन को स्वस्थ रहने में सहयोग मिलेगा। पुनर्घनत्वीकरण योजना से क्लब का विस्तार कर नवीन भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसमें आठ कमरे तथा रेस्टोरेंट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। अधिकारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को अन्य लोगों से व्यंकट क्लब में मिलने-जुलने का अच्छा अवसर प्राप्त होगा। कमिश्नर ने कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड को नवीन भवन का निर्माण शीघ्र पूरा कराने तथा फर्नीचर के लिए इस वर्ष की कार्ययोजना में प्रस्ताव शामिल करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को पुराने भवन के सुधार के लिए एक सप्ताह में प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि क्लब में रेस्टोरेंट की सुविधा तत्काल शुरू की जाए। साथ ही क्लब को प्रदेश के अन्य क्लबों से संबद्धता प्राप्त करने के प्रयास करें। कमिश्नर तथा डीआईजी ने वेंकट क्लब का भ्रमण करके इसमें संचालित गतिविधियों एवं सुविधाओं का जायजा लिया।

बैठक में अतिथियों का स्वागत करते हुए वेंकट क्लब के सचिव डॉ आनंद सिंह ने कहा कि वेंकट क्लब की स्थापना 1937 में रीवा के तत्कालीन महाराजा श्री गुलाब सिंह ने की थी। इसमें धीरे-धीरे विभिन्न सुविधाओं का विकास किया गया। क्लब में वर्तमान में सभी प्रमुख इंडोर गेम खेलने की सुविधा है। इसमें वर्तमान में 390 सदस्य हैं। आजीवन सदस्य, अधिकारियों की सदस्यता तथा अन्य व्यक्तियों की सदस्यता के लिए अलग-अलग मापदण्ड निर्धारित हैं। इनके अनुसार सदस्यता दी जाती है। सदस्यता शुल्क से प्राप्त राशि से क्लब की गतिविधियाँ संचालित होती हैं। क्लब के विकास में सांसद निधि, विधायक निधि, जनप्रतिनिधियों एवं व्यवसाइयों से भी सहयोग मिला है। सभी अधिकारियों द्वारा क्लब की सदस्यता लेने से इस क्लब की गरिमा बढ़ेगी। नगर निगम द्वारा वेंकट क्लब की भूमि पर बने स्वीमिंग पूल का सुधार कराकर उसे शीघ्र प्रारंभ किया जा रहा है।

वेंकट क्लब के सदस्यों को रियायती दर पर स्वीमिंग पूल के उपयोग की सुविधा दी जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि नवीन भवन का निर्माण 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इसमें फर्नीचर तथा साज-सज्जा के लिए 68 लाख रुपए का प्रस्ताव पुनर्घनत्वीकरण योजना की इस वर्ष की कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इसकी स्वीकृति मिलते ही फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ने बताया कि पुराने भवन में सुधार के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बैठक में क्लब की स्थाई समिति की सदस्यता में विस्तार पर भी चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एडीएम श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा सभी संभागीय और जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# निरोगी काया अभियान के जिले के प्रतिदिन के स्क्रीनिंग लक्ष्य की पूति सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## लक्षित व्यक्तियों की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग करायें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि निरोगी काया अभियान के जिले के प्रतिदिन के स्क्रीनिंग लक्ष्य को पूरा करते हुए लक्षित व्यक्तियों की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग किया जाना सुनिश्चित करायें। उन्होंने कार्ययोजना अनुसार विकासखण्डवार अभी तक किये गये कार्य की समीक्षा की तथा आगामी दिवसों की कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की।कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की स्क्रीनिंग की समस्त जानकारी पोर्टल में फीड करायें तथा चिन्हित हितग्राहियों को दवाईयों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि जिन विकासखण्डों में बैकलाग हो उसे पूरा कराते हुए प्रतिदिवस का लक्ष्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि इस महत्वपूर्ण अभियान की भोपाल स्तर से नियमित मानीटरिंग हो रही है साथ ही उप मुख्यमंत्री जी भी प्रतिदिवस जिले की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं अतः इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के कार्ड बनाने के अभियान में प्रगति धीमी होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा इसे गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में अभी भी 77 हजार से अधिक व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हैं। अभियान अवधि में ग्राम रोजगार सहायक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सीएचओ ग्राम पंचायत भवन में बैठकर पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बना रहे है। शेष व्यक्ति यदि किसी कारणवश ग्राम पंचायत भवन आने में असमर्थ हैं तो घर-घर जाकर उनके कार्ड बनायें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा बीएमओ मिलकर अभियान के दौरान शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। आयुक्त नगर निगम तथा सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी शहरी क्षेत्रों के शेष बचे व्यक्तियों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए वार्डवार शिविर लगाएं।

उल्लेखनीय है कि जिले में 20 मार्च से 31 मार्च तक निरोगी काया अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर बीमारी की जाँच निःशुल्क की जाएगी। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान में उप स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य जाँच की सुविधा है। जाँच के लिए डॉक्टर, चिकित्साकर्मी एवं एएनएम को तैनात किया गया है। जाँच के दौरान चिन्हित बीमारियों से पीड़ित पाए जाने पर रोगियों की जानकारी एनसीडी पोर्टल पर दर्ज कर उनका पंजीयन किया जाएगा। सभी रोगियों को तत्काल आवश्यक दवाएं दी जाएंगी। पोर्टल के माध्यम से रोगियों के स्वास्थ्य सुधार का लगातार फालोअप किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि रोगियों के डायबिटीज, ब्लडप्रेशर तथा अन्य जाँचों के लिए आवश्यक उपकरण सभी चिकित्सा केन्द्रों में उपलब्ध करा दिए गए हैं। अभियान के दौरान जिन व्यक्तियों का बाडी मॉस इंडेक्स 23 से अधिक है तथा कमर का घेरा महिलाओं में 80 सेंटीमीटर तथा पुरूष में 90 सेंटीमीटर अधिक है उनकी फाइब्रो स्कोर, खून की जाँच डाक्टरों द्वारा की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मेडिकल आफीसर तथा विकासखण्ड स्तर पर बीएमओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभियान के दौरान रीवा शहर में तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 10 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों में 30 वर्ष से अधिक के सभी व्यक्तियों की जाँच की जाएगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित बीएमओ व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रकृति भ्रमण कर नर्सरी में पौध रोपण एवं केंचुआ खाद बनाने की विधि के प्रदर्शन की जानकारी ली

**रीवा,कासं.।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शास. एम. एस. गोलवलकर महाविद्यालय रीवा के विद्यार्थियों ने जयंती कुंज वन विभाग नर्सरी एवं वन स्थल का भ्रमण कर नर्सरी में पौध रोपण की जानकारी ली।

जिसमें बीज एवं पौधों के अन्य भागों से नए पौधों को तैयार करने हेतु विभिन्न विधियों की जानकारी रोपनी प्रभारी डिप्टी रेंजर मिश्रा जी द्वारा दी गई। छात्रों ने पॉलीहाउस, पॉलीथिन में पौधों के रोपण , क्यारियों आदि का अवलोकन किया। कार्यक्रम में सागौन , काला शीशम, पाठा आदि के नए पौधों तैयार करने की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में गोबर से केंचुआ खाद बनाने का प्रदर्शन एवं जानकारी प्राप्त की गई।

स्थानीय वन अंचल का भ्रमण करते हुए वनों की जैव विविधता महत्वपूर्ण पौधों तेंदू, साल, सागौन, बीजा, बांस ,असन, शीशम, कचनार, पाकर, गुलर, पारिजात, कैथ, अमला, हडजोर, गुड़मार, सर्प गंधा, रत्ती, चित्रक, संकटग्रस्त पौधे गरुड़, करकट, पुत्रंजीवा सहित पक्षियों कोयल, मैना, कबूतर, मोर का अवलोकन किया।

## सीईओ जिला पंचायत ने जवा में ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा की

**रीवा,कासं.।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में जनपद पंचायत जवा में गत दिवस खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 में सर्वे किये जाने की अंतिम तिथि तक पात्र समस्त हितग्राहियों के नाम सर्वे सूची में जोडने के निर्देश दिये गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य का शत-प्रतिशत पंजीयन एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सीएफटी प्रभारी (उपयंत्री/पंचायत समन्वयक अधिकारी) द्वारा सत्यापन तीन दिवस मे पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंजीकृत पात्र हितग्राहियों के अतिरिक्त अपात्र हितग्राहियों के विलोपन की प्रक्रिया एवं डुप्लीकेट जाबकार्ड से संबंधित हितग्राहियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप मे आगामी तीन दिवस मे जिला पंचायत कार्यालय मे जमा करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत न्यूनतम प्रगति वाले पंचायतों के सचिव/ग्राम रोजगार सहायक एवं संबंधित सीएफटी प्रभारियों का माह मार्च 2025 का वेतन प्रगति संतोषजनक न होने तक रोकने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा को दिये गये। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत जवा को मस्टर रोल से संबंधित समस्याओं के निराकरण कराए जाने हेतु निर्देश दिये गये। मनरेगा योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की संख्यां का अनुपात एक्टिव श्रमिकों के विरूध्द संतोषजनक न होने के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार कराए जाने हेतु निर्देश दिये गये। मनरेगा योजनांतर्गत विगत तीन से पांच साल से अधिक समय से लंबित निर्माण कार्यो मे पूर्ण हो चुके कार्यों की सीसी जारी करने एवं कम खर्च वाले कार्यो मे राशि वापस कर जानकारी जिला पंचायत कार्यालय को भेजने के निर्देश दिये गये। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित आवेदन पत्रों को ग्राम पंचायत सरपंच की आईडी से सत्यापित कराए जाने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में बिना कारण अनुपस्थित सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का एक दिवस का वेतन राजसात करने के निर्देश दिये गये।

## उप मुख्यमंत्री 8 मार्च को करेंगे जनजातीय आनंद उत्सव का शुभारंभ

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 8 मार्च को शाम 6 बजे जनजातीय आनंद उत्सव का शुभारंभ करेंगे। उत्सव का आयोजन कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम रीवा में किया जा रहा है। समारोह में प्रवेश निःशुल्क है।

समारोह की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में ग्वालियर की नृत्यांगना अपर्णा सराठे शाम 7 बजे कत्थक नृत्य प्रस्तुत करेंगी। इसके बाद छतरपुर की लोक गायिका कविता शर्मा शाम 7.30 बजे बुंदेली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी।

समारोह में रात 8 बजे कल्याणी मिश्रा बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी। समारोह में उज्जैन की गायिका स्नेहा गहलौत मालवी गीत तथा भोपाल की कलाकार मणिका पाण्डेय बनारसी ठुमरी एवं दादर की प्रस्तुति देंगी। समारोह का समापन रात 9 बजे होगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने आमजनता से जनजातीय आनंद उत्सव कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की है।



## समाचार

### भारतीय शेयर बाजार की दमदार वापसी, निवेशकों को हुआ 9 लाख करोड़ रुपये का फायदा

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबारी सत्र में दमदार तेजी देखने को मिली। निफ्टी ने लगातार 10 दिनों की गिरावट के ट्रेंड को तोड़ा और एक प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 740 अंक या 1.01 प्रतिशत की तेजी के साथ 73,730 और निफ्टी 254 अंक या 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,337 पर था। बाजार में तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप 9 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 393 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कि मंगलवार को 384 लाख करोड़ रुपये था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी देखी गई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,160 अंक या 2.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,168 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 436.50 अंक या 2.96 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,199 पर बंद हुआ। बाजार में करीब सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और पीएसई सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। व्यापक बाजार का रुझान भी सकारात्मक था। बीएसई पर 3,241 शेयर हरे निशान में, 771 शेयर लाल निशान में और 89 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड में तकनीकी विश्लेषक, रोहन शाह का कहना है कि लगातार 10 दिनों तक नकारात्मक बंद होने के बाद भारतीय शेयर बाजार बढ़कर बंद हुए हैं। मार्केट के ओवरसोल्ड होने के कारण यह एक रिलीफ रैली है।

### नोकिया' अपने उत्पादन का 70 प्रतिशत भारत से कर रहा निर्यात

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** टेलीकॉम उपकरण बनाने वाली प्रमुख कंपनी नोकिया अब अपने उत्पादन का 70 प्रतिशत भारत से निर्यात कर रही है। इससे 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा मिल रहा है। नोकिया (भारत) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कंट्री हेड तरुण छाबड़ा के अनुसार, कंपनी का निर्यात 30 से 70 प्रतिशत तक है और पिछले साल निर्यात 50 प्रतिशत रहा, जिसमें मुख्य रूप से रेडियो उपकरण शामिल हैं। बुधवार को कंपनी ने वोडाफोन आइडिया को अपने लेटेस्ट 5जी और 4जी बेसबैंड और रेडियो मॉड्यूल के साथ सपोर्ट देने की घोषणा की, क्योंकि ऑपरेटर प्रमुख बाजारों में 5जी सेवाओं के चरणबद्ध रोलआउट के लिए तैयार है। नोकिया वीआई के 4जी नेटवर्क का भी तेजी से विस्तार कर रहा है, क्योंकि यह टेक्नोलॉजी एडिशन के साथ नई साइटों को भी शुरू कर रहा है और मौजूदा साइटों पर स्पेक्ट्रम बैंडविड्थ का विस्तार कर रहा है। अकेले मार्च 2025 तक, नोकिया 60,000 से अधिक टेक्नोलॉजी साइट्स और हजारों नई 4जी साइट्स देने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, घने, शहरी क्षेत्रों में सर्विस एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए अल्ट्रा-लीन साइट्स स्थापित की जा रही हैं। छाबड़ा ने कहा, विश्वसनीय और हाई-परफॉर्मिंग नेटवर्क की मांग बढ़ती जा रही है, इसलिए वीआई के साथ हमारा सहयोग खुदरा उपभोक्ताओं और व्यवसायों की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, हमने वीआई के लिए 5जी और 4जी साइट्स की बहुत तेज डिलीवरी हासिल की है। यह साझेदारी हमारे भागीदारों को कटिंग एज टेक्नोलॉजी से सशक्त बनाने, बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और नए व्यावसायिक अवसरों को लाने के हमारे संकल्प को भी दर्शाती है। नोकिया अपने मार्केट लीडिंग एयरस्केल पोर्टफोलियो को स्थापित कर रहा है जिसमें मल्टी रेडियो एक्सेस टेक्नोलॉजी (आरएटी) बेसबैंड यूनिट और रेडियो मॉड्यूल शामिल हैं, जो बेहतर कवरेज और क्षमता प्रदान करने के लिए अपनी एनर्जी एफिशिएंट 'रीफशार्क सिस्टम-ऑन-चिप' टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित हैं। वोडाफोन आइडिया के सीटीओ जगबीर सिंह ने कहा, हम अपने ग्राहकों को जल्द से जल्द 5जी सेवाएं प्रदान करने के लिए नोकिया के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका अभी भी एक टीम के रूप में विकसित हो रहा है : कोच वाल्टर



**लाहौर, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने जोर देकर कहा है कि गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड से 2025 चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में 50 रन से हारने के बावजूद उनकी टीम अभी भी एक टीम के रूप में विकसित हो रही है। दक्षिण अफ्रीका को कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर 362/6 बनाया। जवाब में, प्रोटियाज अपने 50 ओवरों में 312/9 रन बना सके, जिसमें डेवी मिलर ने 67 गेंदों में नाबाद शतक बनाया।

हमारे पास बल्ले से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले खिलाड़ी थे। गेंदबाजी के दृष्टिकोण से, मुझे लगता है कि हमारा सबसे बड़ा विकास हमारी सटीकता थी, और यह कुछ ऐसा है जिस पर हम वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हम जो भी मैच खेलते हैं, वह सीखने का अवसर होता है और हम बस थोड़ा-बहुत सबक लेने की कोशिश करते रहते हैं।

वाल्टर ने मैच के बाद कहा, यह एक कठिन सबक था। आप इसे थोड़ा और महसूस करते हैं क्योंकि यह एक अभियान का अंत है, लेकिन हम निश्चित रूप से सीखते रहते हैं। हम अभी भी एक टीम के रूप में विकसित हो रहे हैं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है। हम 2027 विश्व कप के लिए ढाई साल दूर हैं और इसी पुरस्कार पर नजर है।

उन्होंने यह भी महसूस किया कि दोनों पारियों की बल्लेबाजी पारी के मध्य ओवर मैच में अंतर साबित हुए, क्योंकि शतकवीर रचिन रवींद्र और केन विलियमसन के बीच दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी के कारण न्यूजीलैंड आगे निकल गया।

हमने बीच में कुछ महत्वपूर्ण विकेट खो दिए। अगर हम वहां एक मजबूत साझेदारी बनाए रखने में कामयाब होते, तो मुझे लगता है कि यह काफी कड़ा अंत होता। हां, हम अपने निष्पादन पर थोड़ा रो सकते हैं; निश्चित रूप से आप खिलाड़ियों के प्रयास पर कभी सवाल नहीं उठाएंगे।

हमने उन पर जो भी फेंक सकते थे, फेंका, लेकिन दुर्भाग्य से हम उस साझेदारी को नहीं तोड़ पाए, जिसने वास्तव में उन्हें अंत तक धकेलने के लिए तैयार किया। हमने निश्चित रूप से गति बदलने की कोशिश की, लेकिन मुझे लगता है कि शुरुआती चरणों में गेंद वास्तव में उस स्तर पर पकड़ नहीं बना रही थी, इसलिए गेंद फिसलती रही। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मेरा मतलब है, यह एक बहुत अच्छा बल्लेबाजी विकेट था। मुझे नहीं लगता कि अगर यह एक अच्छा बल्लेबाजी विकेट नहीं है तो आप 360 रन बना सकते हैं। इसलिए नहीं, प्रयास की कमी के कारण, मुझे नहीं लगता। ब्लैककैप्स स्पिनरों ने अब तक पूरी प्रतियोगिता के लिए अच्छी गेंदबाजी की है। सेंटनर एक गुणवत्ता ऑपरेटर है और दूसरी पारी में गेंद थोड़ी अधिक स्पिन हुई, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## मोहम्मद शमी के रोजा न रखने पर मुस्लिम जमात नाराज, बड़ा अपराध बताया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के दौरान एनर्जी ड्रिंक पीने से विवादों में घिर गए हैं। मुस्लिम समाज उनके रोजा न रखने पर नाराज है। उत्तर प्रदेश में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि रोजा अनिवार्य कर्तव्यों में से एक है। अगर कोई स्वस्थ पुरुष या महिला रोजा नहीं रखता है, तो वह बड़ा अपराधी है। रजवी बरेलवी ने आगे कहा, भारत के मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने मैच के दौरान पानी या कोई और पेय पदार्थ पीया है। लोग उन्हें देख रहे थे। अगर वह खेल रहे हैं, तो वह स्वस्थ हैं। ऐसे में उन्होंने रोजा नहीं रखा और पानी भी पी लिया, इससे लोगों में गलत संदेश गया। रोजा न रखकर उन्होंने गुनाह किया। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। शरीयत की नजर में वह अपराधी हैं। उन्हें खुदा को जवाब देना होगा। मौलाना के बयान पर शमी के भाई मोहम्मद जैद ने मौलाना को असल मुद्दों पर गंभीर होने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भाई दुबई में खेल रहे हैं और मौलाना को पता होगा कि जब कोई 70 किलोमीटर से अधिक के सफर पर होता है तो रोजा छोड़ सकता है, उसके कुछ नियम है। उन्होंने कहा कि ये इतना बड़ा मुद्दा नहीं है, ये लोग हर बात पर ऐसा कुछ बोल देते हैं कि ये इस्लाम के खिलाफ है।

## ग्रेटर नोएडा 21 मार्च से महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 21-27 मार्च तक होने वाली 8वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की लगभग 300 शीर्ष महिला मुक्केबाज राष्ट्रीय गौरव के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। यूपी बॉक्सिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित, राष्ट्रीय टूर्नामेंट उसी स्थान पर वापस आ रहा है, जिसने 2023 में अपने अंतिम संस्करण की शानदार सफलता के साथ मेजबानी की थी।

विश्व मुक्केबाजी और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के दिशानिर्देशों के तहत आयोजित यह चैंपियनशिप 1 जनवरी, 1984 और 31 दिसंबर, 2005 के बीच जन्मे मुक्केबाजों के लिए खुली है।

प्रत्येक राज्य इकाई अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती है, जिसमें 10 मार्च को संख्या के आधार पर प्रविष्टियां बंद हो जाएंगी और 15 मार्च तक अंतिम नाम की पुष्टि हो जाएगी।

आधिकारिक तौर पर यह कार्रवाई 20 मार्च को आगमन, ड्रा और तकनीकी बैठक के साथ शुरू होगी। शुरुआती दौर 21 से 24 मार्च तक होंगे, इसके बाद 25 मार्च को क्वार्टर फाइनल और 26 मार्च को सेमीफाइनल होंगे, जिसके बाद 27 मार्च को बहुप्रतीक्षित फाइनल होगा।

बीएफआई के महासचिव हेमंत कुमार कलिता ने कहा, एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप भविष्य के चैंपियनों के लिए एक प्रजनन भूमि रही है, जो युवा प्रतिभाओं को सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खुद को परखने का मौका देती है। नए ओलंपिक तैयारी चक्र में पहले राष्ट्रीय के रूप में, यह संस्करण अगले तीन वर्षों के लिए मुक्केबाजों की पहचान करने और उन्हें तैयार करने में महत्वपूर्ण होगा।

## स्मिथ के वनडे संन्यास पर धवनः आप एक कट्टर प्रतिस्पर्धी और अविश्वसनीय लीडर रहे हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने स्टीव स्मिथ को उनके शानदार वनडे करियर के लिए बधाई दी और उन्हें एक कट्टर प्रतिस्पर्धी और एक अविश्वसनीय लीडर बताया। स्मिथ, जो पैट कमिंस की अनुपस्थिति में चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टैंड-इन कप्तान थे, ने मंगलवार को दुबई में आठ टीमों की प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ अपना आखिरी वनडे खेला। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट और टी20 प्रारूप खेलना जारी रखेंगे। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसका सामना 9 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। धवन ने एक्स पर लिखा, आपने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके लिए बधाई स्टीव स्मिथ , आप खेल में एक कट्टर प्रतियोगी और एक अविश्वसनीय लीडर रहे हैं। आपकी अगली यात्रा भी उतनी ही संतोषजनक हो। स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 वनडे खेले, जिसमें उन्होंने 43.28 की औसत से 5,800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने गेंद से भी योगदान दिया और 28 विकेट लिए। यह बल्लेबाज 2015 और 2023 में ऑस्ट्रेलिया की वनडे विश्व कप विजेता टीमों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटियों की विदाई कर भावुक हुए माता-पिता, 178 जोड़ों का विवाह एवं 5 जोड़ों का हुआ निकाह

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत हुआ सामूहिक सम्मेलन का आयोजन, प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों ने दिया वर-वधु को आशीर्वाद



**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रत्येक माता-पिता का सपना होता है कि वह अपने बच्चों की शादी बड़े धूमधाम से करें, लेकिन कई परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण शादी में होने वाले खर्च का इंतजाम नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में माता-पिता के लिए बच्चों की शादी की चिंता थी, लेकिन इस चिंता को दूर करते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सामूहिक सम्मेलन में जिले के सभी विकासखंड से आए कई जोड़ों का विवाह हुआ। जिला प्रशासन द्वारा गांधी पार्क में गुरुवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया और बेहतर व्यवस्थाओं के बीच 178 जोड़ों का विवाह और पांच जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। बेटियों की विदाई के बाद माता-पिता भावुक नजर आए। वहीं कई परिवारों के चेहरे पर खुशी का भाव था कि सामूहिक सम्मेलन के माध्यम से बेहतर व्यवस्थाओं के साथ उनके बच्चों का अच्छे तरीके से विवाह संपन्न हो गया। जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से विवाह कार्यक्रम से जुड़कर बधाई देते हुए नवविवाहित जोड़ों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विवाह कार्यक्रम में आशीर्वाद देने के लिए विधायकगण भी पहुंचे। शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने सभी वधुओं को उपहार में पायल दीं। जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने साड़ी भेंट की। विवाह सम्मेलन में वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा, जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमलता रावत सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, हरवीर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण पहुंचे।सभी ने विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए और नव विवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। पूरे विधि विधान, रीति रिवाज के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा हर दंपति के विवाह पर 55000 रुपए की मदद दी जाती है जिसमें सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दिन वधु को 49000 की राशि चेक के माध्यम से दी जाती है और शेष 6000 रुपए की राशि विवाह सम्मेलन के आयोजन की व्यवस्थाओं के लिए संबंधित आयोजक संस्था को प्रदान की जाती है।

### खुशियों की दास्तां : सामूहिक विवाह सम्मेलन में धूमधाम से हुई शादी

गांधी पार्क में गुरुवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कई जोड़ों का विवाह हुआ।इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए परिजनों ने भी अपने अनुभव साझा किए। भावुक होते हुए बेटियों को आशीर्वाद दिया। शिवपुरी शहर के कमलागंज निवासी मदीना बाई की बेटी का निकाह सामूहिक सम्मेलन में हुआ। जिला प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं में अपनी बेटी की शादी होने पर भावुक होते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना से आज सामूहिक सम्मेलन में बेटी के निकाह अच्छे से हो गया। वहीं तहसील नरवर निवासी विमला ने सामूहिक विवाह सम्मेलन में बेटी की शादी के दौरान भावुक होते हुए कहा कि उनके पति का देहांत लगभग 6 महीने पहले हो गया था। ऐसे में परिवार की आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई उन्हें बेटी की शादी करना थी, तब यह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उनकी बेटी के लिए सहारा बनी है। सईसपुरा निवासी भगवान लाल कुशवाह और उनकी धर्म पत्नी ने कहा कि कन्या विवाह योजना के तहत 49 हजार की राशि भी मिली है। दोनों परिवारों का खर्चा बचा है और बच्चों की शादी भी बड़े अच्छे तरीके से संपन्न हुई है।

बॉक्स

### नशा न करने की शपथ ली

सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए दूल्हों ने नशा न करने की भी शपथ ली। उन्होंने कहा कि एक खुशहाल परिवार के लिए नशे की बुरी लत से दूर रहना जरूरी है। आज हम शपथ लेते हैं कि इस प्रकार की बुराइयों से दूर रहेंगे।

# हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा : 68 केन्द्रों पर 20510 परीक्षार्थियों ने हल किया संस्कृत का प्रश्नपत्र

## डीईओ ने शहर तो डीपीसी ने मगरौनी में परखी परीक्षा




**शिवपुरी ब्यूरो।** बोर्ड परीक्षाओं के क्रम में गुरूवार को 68 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल के संस्कृत विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया। सुबह 9 बजे से 12 बजे की पाली में आयोजित इस परीक्षा में जिलेभर में कुल 21 हजार 432 परीक्षार्थी नामांकित थे जिनमें से 20 हजार 510 परीक्षा में शामिल हुए। विभागीय व प्रशासनिक उडनदस्तों ने परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां सभी केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्थित संचालित मिली और कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिला परीक्षा प्रभारी वत्सराज सिंह राठौड़ ने बताया कि संस्कृत की परीक्षा में कुल 922 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे जिनमें सबसे ज्यादा 215 पोहरी में, 192 पिछोर, 148 शिवपुरी, 93 कोलारस, 73 नरवर, 48 खनियांधाना, 109 करैरा व 44 परीक्षार्थी बदरवास के केन्द्रों पर गैरहाजिर थे। गुरूवार को 12 वी के ड्राइंग एण्ड डिजाइन विषय का भी प्रश्नपत्र निर्धारित था, लेकिन जिले में उक्त विषय में कोई भी परीक्षार्थी नामांकित नहीं है। अब 10 मार्च को 10 वी के महत्वपूर्ण गणित विषय का प्रश्नपत्र आयोजित होगा जबकि 7 मार्च को 12 वी के भूगोल सहित चार विषय की परीक्षा होनी है। विभागीय उडनदस्ते संस्कृत के प्रश्नपत्र के दौरान भी सक्रिय रहे। जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने शिवपुरी शहर के उमावि सदर बाजार, अनुदान प्राप्त व्हीटीपी उमावि, आईपीएस झींगुरा, उमावि आदर्शनगर पुरानी शिवपुरी सहित उत्कृष्ट उमावि क्र. 1 व उमावि क्र. 2 का निरीक्षण किया। जबकि डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने नरवर क्षेत्र के उमावि मगरौनी सहित उमावि सीहोर व करही परीक्षा केन्द्र का मुआयना किया। इस दौरान उनके साथ एपीसी अतरसिंह राजौरिया भी मौजूद रहे। इधर जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमटे की टीम ने पोहरी क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक केन्द्रों का निरीक्षण किया। टीम ने मॉडल उमावि पोहरी, कन्या उमावि, गोंसालो गार्सिया स्कूल, पोहरी पब्लिक स्कूल सहित बैराड़ के सिद्धेश्वर उमावि, शा.उमावि सहित विजयानंद उमावि केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कहीं भी कोई नकल प्रकरण सामने नहीं आया।

# पिछोर एसडीएम ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान के 14 विक्रेताओं पर लगाया 28 हजार रुपए का जुर्माना

## कार्य में रूचि न लेने पर की कार्रवाई

**शिवपुरी ब्यूरो।** पिछोर अनुविभागीय दण्डाधिकारी शिवदयाल धाकड़ ने कार्य में रूचि न लेने वाले विक्रेताओं पर कार्यवाही की है। जिसके तहत 28 हजार रुपये की राशि के साथ 14 विक्रेताओं पर जुर्माना लगाया गया है। अभी 24 फरवरी को पिछोर तथा 27 फरवरी को खनियाधाना में विक्रेताओं की समीक्षा बैठक का आयोजन भी किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान लापरवाही बरतने एवं कम प्रगति करने वाले पिछोर के 14 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं पर दो दो हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित कर समय सीमा में पूर्ण करने की चेतावनी दी गई। इन दुकानों में बदरवास, पिपरो, पिपारा, ऊमरीखुर्द, सलैया, निवोदा, रही, हरथोन, तेरई, चंदू पहाड़ी, तिजारपुर, दवियाजगन, देवखेडा, पातीचक सम्मिलित हैं। एसडीएम शिवदयाल धाकड़ ने बताया कि ईकेवायसी का कार्य पूर्णतः निःशुल्क है। यदि कोई विक्रेता ईकेवायसी के नाम पर धोखाधडी करे तो उसके विरूद्ध पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार समस्त हितग्राहियों की ईकेवायसी की जाकर दोहरे, अपात्र, साईलेंट राशन कार्डों का विलोपन करने हेतु आदेश किया गया था। जिसके संबंध में पिछोर अनुविभागीय दण्डाधिकारी शिवदयाल धाकड़ द्वारा 25 फरवरी को पत्र जारी किया गया था। जिसमें शासन के सभी राशन प्राप्त करने वाले परिवारों के सदस्यों की ईकेवायसी कराने के निर्देश दिये। शासन के निर्देशानुसार ईकेवायसी के कार्य करने की सुविधा शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर उपलब्ध पीओएस मशीन में दी गई है। जिसमें परिवार आईडी दर्ज करते ही सभी सदस्यों का विवरण खुल जाता है एवं जिन सदस्यों की ईकेवायसी शेष है वह सदस्य लाल रंग में प्रदर्शित होते हैं। जिसमें लाल रंग में प्रदर्शित सदस्यों की ईकेवायसी की जानी है तथा संबंधित सदस्यों के आधार सहित बायोमेट्रिक सत्यापन हेतु दुकान पर उपस्थित होना है। जहां विक्रेता द्वारा ईकेवायसी की जाएगी। अभी तक पिछोर ब्लॉक में 60 प्रतिशत एवं खनियाधाना में 51 प्रतिशत ईकेवायसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस कार्य को शतप्रतिशत पूर्ण करना है। जिससे किसी भी पात्र हितग्राही को राशन आराम से मिल सके। एसडीएम द्वारा शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण भी लगातार किया जा रहा है।

# बस की खिड़की से झांक रहे बच्चे की आंख में लगी लकड़ी

**शिवपुरी ब्यूरो।** दिनारा के पास आज एक 6 वर्षीय बच्चा चलती गाड़ी से बाहर झांकते समय घायल हो गया। बच्चा बस की खिड़की से बाहर झांक रहा था, तभी सड़क किनारे झाडियों की लकड़ी उसकी आंख में लग गई। जानकारी के अनुसार घटना में घायल बच्चा केमखेड़ा गांव का रहने वाला है।



उसका नाम संजीव है और वो अपने पिता जगराम आदिवासी और अन्य मजदूरों के साथ सरसों की कटाई के लिए जा रहा था। घायल बच्चे को तुरंत बस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे की हालत फिलहाल स्थिर है।

# बदरवास पुलिस ने गुम हुए 2 नाबालिग बच्चों को 2 घंटे में खोज कर उनके परिजनों को किया सुपुर्द

**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सजीव मुले के मार्गदर्शन में एसडीओपी विजय कुमार यादव अनुभाग कोलारस के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास यादव थाना बदरवास को जरिये डायल 100 पर सूचना प्राप्त हुई कि सूचनाकर्ता निवासी ग्राम रेझागढ द्वारा बताया कि मेरे परिवार के दो नाचालिक बच्चे उम्र 05 साल एव उम्र 7 साल के घर से कहीं चल गये है जिसका कोई पता नहीं है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी विकास यादव द्वारा टीम घटित कर तत्परता से नाबालिक बच्चो की तलाश कि गई जो बामौर हाईवे रोड पर मिले जिन्हे साथ लेकर पूछताछ कर बालक एवं बालिका को उसके गाँव ग्राम रेझागढ़ में उनके परिजनो को सुपुर्द किया गया। उक्त नाबालिक बालक एवं बालिका की तलाश कर उनके परिजनों को सोपने में इनकी रही सराहनीय भूमिकाः थाना



प्रभारी श्री विकास यादव, सउनि गोपाल बाबू, प्रआर शैतान सिह, आर निर्मल बारेला, रामसिंह पटेलिया, नेपाल, सुनील रघुवंशी, दीनू रघुवंशी, डायल 100 चालक गोविन्द पटेलिया की सराहनीय योगदान रहा है।

# आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई, 6 हजार 650 की अवैध मदिरा जब्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम हेतु कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा सतत् कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के पालन में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध संजय कुमार गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी शिवपुरी के निर्देशन में दिनांक 06.03.2025 को वृत्त करैरा क्षेत्रांतर्गत नीरज त्रिवेदी आबकारी उप निरीक्षक द्वारा ग्राम- बडोरा, टोड़ा, सिरसोना, सजौर तिराहा, सिरसोद गांव में दबिश दी जाकर कुल 17.1 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन जप्त कर मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्यवाहियों में कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी के द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

# 100 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर द्वारा जिले में अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवं अबैध मादक पदार्थ की रोकथाम करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अनुभाग कोलारस के मार्गदर्शन में दिनांक 05.03.2025 को दौराने इलाका गश्त के मुखबिर द्वारा सूचना पर से पावर हाउस के पास चकरा तिराहा से भवरा पुत्र ज्ञासी ढीमर उम्र 64 साल निवासी ग्राम हरीपुर थाना कोलारस जिला शिवपुरी के कब्जे से 50-50 ली की दो नीली केने में अबैध रूप से हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब भरी हुई कुल 100 ली.मिली जिसकी कीमत करीब 10000 रू. की होगी। मौके से विधीवत जप्त की गई व आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34 (2) आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबंद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। बाद आरोपी को आज जेआर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। संपूर्ण कार्यवाही में उनि कलेस्तुस लकड़ा, प्रआर.विजय कटारे, प्रआर. विपिन भदौरिया, आर. राहुल रावत, सौरभ पचौरी, आर. नाहर सिह, आर.योगेश की विशेष भूमिका रही है।



# शराब की तस्करी कर रहा एक आरोपी गिरफ्तार, 50 हजार की शराब और बाइक जब्त, एक आरोपी फरार

**शिवपुरी ब्यूरो।** खनियाधाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 50 हजार रुपए की 10 पेटी देसी शराब और 80 हजार रुपए की एक बाइक जब्त की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम रमपुरा तिराहे पर पहुंची। वहां दो युवक शराब की पेटियों के साथ खड़े थे। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। टीम ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दूसरा अंधेरे में फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान पहाड़पुर अछरौनी निवासी प्रमोद यादव (19) के रूप में हुई है। फरार आरोपी कृष्णा यादव भी इसी गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी सुरेश शर्मा के अनुसार, आरोपी के पास से तीन प्लास्टिक के काले कट्टों में रखी देसी मदिरा की पेटियां मिलीं। इसके अलावा एक बाइक क्रमांक एमपी 33 जेडसी 1337 भी जब्त की गई। जब्त सामान की कुल कीमत 1.30 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।



# बोर्ड परीक्षा के दौरान रात्रि में डीजे बजाने पर गाड़ी सहित डीजे जब्त, संचालक पर एफआईआर

**शिवपुरी ब्यूरो।** मध्य प्रदेश के खनियाधाना में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान रात में डीजे बजाने के मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी सुरेश शर्मा के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं के कारण रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि प्रदूषण पर रोक है। 5 मार्च की रात 10ः40 बजे थाना क्षेत्र के सामने एक बोलेरो में लगे डीजे को तेज आवाज में बजाया जा रहा था। पुलिस ने जब डीजे बंद करने को कहा तो संचालक ने कहा- बस दस मिनट और, टीका चढ़ाने दो, फिर बंद करेंगे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए डीजे को वाहन समेत जब्त कर लिया। गुरुवार को डीजे संचालक पुष्पेंद्र पुत्र जसरथ लोधी के खिलाफ मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम की धारा 15 के तहत मामला दर्ज किया गया। 19 वर्षीय आरोपी ग्राम कमालपुर, थाना पिछोर का रहने वाला है। वाहन का नंबर यूपी 80 एबी 8678 है।

# विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर ब्यूरो।** 132 केवी जीएसएस बसेड़ी पर 132 केवी मैन बस का रखरखाब कार्य किया जायेगा। सहायक अभियन्ता आर. के. मीणा ने बताया कि रखरखाव कार्य के कारण 132 केवी जीएसएस बसेड़ी से निकलने वाले 33 केवी फीडर बसेड़ी, बाड़ी, कंचनपुर, नादनपुर एवं 132 केवी जीएसएस सरमथुरा से निकलने वाले 33 केवी फीडर सरमथुरा, झिरी, बरौली और बडागांव तथा इन सभी फीडरों से जुड़े शहरों और गांवों की विद्युत आपूर्ति 7 मार्च शुक्रवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

# जिला कलक्टर ने मत्सूरा में की जनसुनवाई

## जनसुनवाई में बुजुर्ग को सुनने में हुई परेशानी तो जिला कलक्टर ने मौके पर ही श्रवण यंत्र किये प्रदान



**धौलपुर ब्यूरो।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड बाड़ी की ग्राम पंचायत मत्सूरा में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में जब परिवादी श्रीराम गुर्जर ने जमाबन्दी में नाम व जाति संशोधन हेतु परिवाद दर्ज कराया तो मौके पर ही रिकॉर्ड में जांच कराकर परिवाद का निस्तारण कराया। वहीं परिवादी राजू द्वारा दर्ज कराये गये राशन कार्ड के आधार सीड़िंग मामले का भी मौके पर ही निस्तरण कराया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति के मामलों में जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। छावरी का पुरा के परिवादियों की संयुक्त फरियाद पर जिला कलक्टर ने रास्तों पर से अतिक्रमण हटवाये जाने के मामले में उपखण्ड अधिकारी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान सार्वजनिक हित के कई परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागों को समुचित कार्यवाही कर समाधान हेतु निर्देश दिये। जनसुनवाई करते समय जब जिला कलक्टर को बुजुर्ग रामनाथ को कम सुनाई देने का पता लगा तो उन्हांने संवेदनशीलात दिखाते हुए मौके पर ही सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को संयुक्त सहायता योजना के अन्तर्गत कृत्रिम श्रवण यंत्र मंगवाकर बुजुर्ग को पहनाये, जिसके बाद बुजुर्ग के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। साथ ही वहां मौजूद अन्य आवश्यक लोगों को भी श्रवण यंत्र प्रदान किये गये। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले परिवादों का हर संभव समाधान का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि परिवादियों को सही जानकारी देकर सहानुभूति पूर्वक परिवादों का निस्तारण किया जाये। संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का भी प्राथमिकता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व- जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित



**धौलपुर ब्यूरो।** आगामी त्योहारों एवं पर्वों को देखते हुए जिले में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा है कि जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य जब भी उनके क्षेत्र में कोई धार्मिक आयोजन, उत्सव हो ऐसे में वहां सौहार्द बनाए रखने में मददगार बनें। आगामी दिनों में होलिका दहन, धुलण्डी, ईदुलफितर, रामनवमी, महावीर जयंती, परशुराम जयंती इत्यादि त्योहारों एवं पर्वा को देखते हुए किसी क्षेत्र में कोई सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न न हो इसके लिए समिति के सदस्य नजर रखें तथा उसकी प्रशासन व पुलिस को जानकारी दें। कोई भी व्यक्ति या संस्था किसी भी माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या दुष्प्रचार नहीं करेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने कहा कि पुलिस आगामी त्योहारों एवं पर्वों को देखते हुए पूर्णतः सतर्क एवं चौकन्ना रहेगी। कानून व्यवस्था को बरकरार रखने हेतु त्यौहारों के अवसर पर गश्त इत्यादि में वृद्धि की जायेगी। उन्होंने कहा कि यद्यपि जिला साम्प्रदायिक दृष्टि से शांतिपूर्ण इतिहास रखता है, पुलिस एवं प्रशासन ऐसे मुद्दों पर नजर रखेगा जो कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए चुनौती हो सकते हैं। कोई भी व्यक्ति, संस्था या जनसमूह किसी भी प्रकार के साम्प्रदायिक विद्वेष उत्पन्न करने वाले आपत्तिजनक व उत्तेजनात्मक नारे नहीं लगायेगा। बैठक में जिलेभर से आए विभिन्न समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया एवं सभी ने अपने सुझाव शांति समिति की बैठक में दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर डॉ. साधना शर्मा, उपखण्ड अधिकारी बाड़ी भगवत शरण त्यागी, उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी सुधा मीना, नगर परिषद आयुक्त अशोक शर्मा, सभापति नगर पालिका राजाखेडा वीरेन्द्र सिंह जादौन, मुस्ताक अहमद, अनुराग शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रभावी वैक्सीन प्रबंधन के अंतर्गत केंद्रीय टीम ने किया जिला वैक्सीन भंडार का निरीक्षण




**धौलपुर ब्यूरो।** वैक्सीन आपूर्ति श्रृंखलाओं का आकलन और निगरानी करने हेतु प्रभावी वैक्सीन प्रबंधन (ईवीएम) के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संस्थान, दिल्ली की एक केंद्रीय टीम द्वारा गुरुवार को धौलपुर में जिला वैक्सीन भंडार का निरीक्षण किया और वैक्सीन की गुणवत्ता की जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि यह टीम 8 मार्च तक जिले में वैक्सीन के परिवहन, भंडारण और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शिव कुमार शर्मा ने बताया कि केंद्रीय टीम ने आज जिला स्तरीय भंडार के निरीक्षण कर वैक्सीन के रखरखाव व वैक्सीन के टेम्प्रेचर आदि की मॉनिटरिंग की। टीम में शामिल हरकेश सिंह एवं राहुल मंगल ने जिला वैक्सीन के रखरखाव को पूर्ण और गुणवत्तापूर्ण पाया। टीम अगले दो दिन जिले के अन्य कोल्ड चैन भंडारों का निरीक्षण करेगी, जिसमें 7 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरमथुरा तथा 8 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेह के कोल्ड चैन भंडारों का निरीक्षण किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान यूएनएफपीए से रिपुंजय पांडे, जपाईगो से सुमित पुरी, ममता यादव, से वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर राहुल शुक्ला, सहित अन्य चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे।

# एनएसएस शिविर के तीसरे दिवस पर योग अभ्यास एवं पंच परिवर्तन पर व्याख्यान



**कैलारस।** शासकीय महाविद्यालय कैलारस में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने योग अभ्यास किया और पंच परिवर्तन विषय पर बौद्धिक सत्र में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता मुकेश कुमार धाकड़ ने जीवन में आवश्यक सकारात्मक बदलावों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंनेयोग अभ्यास से दिन की शुरुआतशिविर की शुरुआत योग अभ्यास से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं अन्य योगासन किए। मुकेश कुमार धाकड़ ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी।बौद्धिक सत्र में पंच परिवर्तन पर व्याख्यान दिए योग सत्र के बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता मुकेश कुमार धाकड़ ने पंच परिवर्तन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि एक सफल और संतुलित जीवन एवं देश को पुनः विश्वगुरु बनाने के लिए पांच प्रमुख बदलाव आवश्यक हैंजिसमें समरसता कुटुंब, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य शामिल हे मुख्य वक्ता ने स्वयंसेवकों को इन बदलावों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे व्यक्तिगत और सामाजिक रूप से प्रगति कर सकें। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य वक्ता का स्वागत डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी ने किया ।जबकि मुख्य वक्ता का परिचय देते हुए डॉ. प्रवीण कुमार लिटोरिया ने बताया मुकेश कुमार धाकड़ अंग्रेजी विषय के शिक्षक होने के साथ साथ कैलारस नगर में भारत माता योग केंद्र का संचालन भी करते हैं । कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रुचि गुप्ता की देखरेख में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मंच संचालन की जिम्मेदारी सुश्री प्रियंका साहू ने निभाई, और अंत में श्री दर्शन गिरी गोस्वामी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।शिविर के अंत में मुख्य वक्ता मुकेश कुमार धाकड़ को सम्मानस्वरूप श्री फल भेंट किया गया, जिसे रफीक मोहम्मद कुरैशी ने प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, एनएसएस स्वयंसेवक एवं अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आगामी दिनों में भी शिविर में इसी तरह के ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी सत्र आयोजित किए जाएंगे।शाम 5 बजे श्री दर्शन गिरी गोस्वामी के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को गोदग्राम डूंगरपुर नगर का भ्रमण करवाया गया जिसमें उन्होंने ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को जाना एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय कैलारास के, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. रामेंद्र सिंह परमार, डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी, श्री दर्शन गिरी गोस्वामी, मो. रफीक कुरैशी, डॉ. प्रवीण कुमार लिटोरिया, सुश्री प्रियंका साहू, श्री नीरज तोमर, श्री आशु शुक्ला, प्रीति धाकड़ आदि तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री महेश चंद्र धाकड़ के अलावा स्वयंसेवक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# सीईओ ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**दतिया।** कलेक्टर श्री संदीप कुमार माकिन निर्देशन में आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षय कुमार तेम्रवाल ने जिले में चल रही बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाए गए विभिन्न सेंटरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाऐं देखी। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं नकल रोकने के सख्त निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री तेम्रवाल ने सीएम राइज शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतिया, सिविल लाईन हाईस्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां चल रही परीक्षा का निरीक्षण भी किया। 10वी एवं 12वी की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। आज कक्षा 10वी का तीसरा पेपर संस्कृत विषय का था। जिले में 37 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।

# किसी भी भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के कारण कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, तो संबंधित पर होगी सख्त कार्यवाही

## कलेक्टर ने लागू किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**मुरैना,कांस।** भड़काऊ पोस्ट से वर्ग विशेष की भावनाएं आहत होने से कानून व्यवस्था को लेकर प्रतिकूल स्थिति निर्मित होने की संभावना के कारण कलेक्टर श्री अंकित ने जिले के सम्पूर्ण राजस्व सीमा के अंतर्गत प्रतिबंधित आदेश जारी किए है।कलेक्टर ने कहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर कानून व्यवस्था बिगाडने की स्थिति निर्मित की जा सकती है।कलेक्टर ने आदेश दिए है की यदि कोई भी व्यक्ति विभिन्न इन्टरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप,एक्स,एस.एम.एस., इंस्टाग्राम इत्यादि संसाधनों का दुरूपयोग धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाओं को भड़काने में नहीं करेगा।कोई भी व्यक्ति इन वर्णित सोशल मीडिया प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार की पोस्ट जिसमें संदेश, चित्र ऑडियो या वीडियो सभी सम्मिलित हैं,इन पोस्ट से धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाऐं भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा होता है,प्रसारित नहीं करेगा।कोई भी व्यक्ति आपत्तिजनक नारेबाजी, उन्माद फैलाने वाले भाषण देना एवं भडकाऊ पर्चे छपवाकर बांटना तथा जिन पोस्टर, बैनर से विद्वेष फैलने की संभावना हो उन पोस्टर, बैनर को लगाने / फाड़ने आदि कार्य नहीं करेगा और न ही उक्त कार्य करने हेतु किसी को प्रेरित करेगा।महिला एवं अल्पसंख्यक वर्ग या समुदाय, जाति विशेष के विरूद्ध प्रतिकूल टिप्पणी नहीं करेगा।अफवाह नहीं फैलायेगा, सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक भावना एवं साम्प्रदायिक भावना व जातिगत भावना भड़कती हों, को लाइक या फारवर्ड नहीं करेगा।कलेक्टर ने आदेशित किया है कि ग्रुप एडमिन की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके।कलेक्टर ने सख्त आदेश दिए है कि जिला मुरैना राजस्व सीमार्न्तगत ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक भाषा अथवा भड़काऊ नारे आदि के लिए प्रतिबंधित रहेगा।किसी भी रैली अथवा संगठन के द्वारा शासकीय सम्पत्ति को नुकसान नहीं पहुँचाया जाए तथा शस्त्र लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा है कि आदेश के उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित पर प्रासंगिक धाराओं के अन्तर्गत सख्त वैधानिक कार्यवाई की जायेगी।कलेक्टर ने आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/पुलिस, समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, समस्त थाना प्रभारी जिला मुरैना को अधिकृत किया है ।यह आदेश 05 मार्च 2025 से लागू होकर दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावशील रहेगा।


कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मुरैना (म0प्र0)

क्रमांक / क्यू / 3 / मा.रा. / खनिज / 2025/259 मुरैना,दिनांक– 27/02/2025

(म.प्र.गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1–क) के अन्तर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति जो लागू हो प्राप्त करने के लिए)

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक–श्री आदित्य सिकरवार पुत्र श्री अमर सिंह सिकरवार नि0–के0एस0 स्कूल के पीछे प्रताप कॉलोनी, मुरैना (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक– 06.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक–45 दिनांक–10.01.2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक– 19/03/2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नम्बर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी / शासकीय | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुरैना | मुरैना हाल तह0 बामौर | पिपरसेवा | 1031 | 2.000 हे0 | शास0 भूमि | गिट्टी उत्खनिपट्टा | |

1– उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारिख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सांय 5:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

2– यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुये 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

3– यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करनें की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।

4– यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृत पर विचार किया जा सकेगा।

5– निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जिला खनि अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला मुरैना (म0प्र0)

G-23888/24


# भाजपा जिला मंत्री के प्रस्तावों पर कलेक्टर मुरैना ने रेलवे को पत्र लिखा



**कैलारस।** भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने केंद्रीय मंत्री महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से कैलारस क्षेत्र के ब्रॉडगेज रेलवे के समानांतर सर्विस रोड 08 फुट कम कवर्ड नाला आंतरी में रामस्वरूप यादव के मकान से कालीपुरम तक तथा कालीपुरम से संपूर्ण नगरीय क्षेत्र से तहसील कार्यालय डोंगरपुर तक नवीन रेलवे स्टेशन तक बनाने एवं संघ कार्यालय सबलगढ़ एवं पुराने रेल्वे स्टेशन जौरा एवं पशु चिकित्सालय के सामने नवीन अंडर ब्रिज निर्माण के संबंध में दिल्ली में मांग पत्र दिया था उक्त मांग पत्र पर कलेक्टर कार्यालय मुरेना से 25 फरबरी को उक्त आमजन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हे उक्त प्रस्ताव, मुरैना के लोकप्रिय श्रीमान कलेक्टर महोदय द्वारा श्रीमान डीआरएम महोदय रेलवे झांसी को भेज दिया गया है। भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने श्रीमान कलेक्टर महोदय का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

# 29 वी बटालियन विशेष सशस्त्र बल दतिया में स्वास्थ्य से संबंधित व्याख्यान माला आयोजित हुई

**दतिया।** आज गुरूवार 29 वी बटालियन विशेष सशस्त्र बल दतिया के ऑडिटोरियम हाल में पुलिस अधीक्षक एवं सेनानी श्री वीरेन्द्र कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार सहायक सेनानी श्री ललित सिंह डांगोर एवं वाहिनी के वरिष्ठ चिकित्सक श्री एस कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य संबंधी व्याख्यान माला आयोजित की गई। जिसमें दतिया मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग की सह प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र कंजोलिया द्वारा हाइपरटेंशन, ब्लड प्रेशर ,शुगर एवं थायराइड के संबंध में उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। आजकल की दैनिक दिनचर्या में यह बीमारियां आम हो गई हैं उनसे कैसे बचा जा सके एवं उनकी कैसे रोकथाम की जा सके इसके संबंध में डॉक्टर जितेंद्र कंजोलिया द्वारा विस्तृत से समझाएं दी गई । डॉक्टर द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब और उनका समाधान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. जितेंद्र कंजोलिया का आभार निरीक्षक श्री मुरारी लाल द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर वाहनी के क्वार्टर मास्टर श्री संतोष सेन, सहायक उप निरीक्षक श्री कमलेश प्रजापति, श्री हीरा सिंह, श्री महेश कुमार राहुल, श्री नजारूस तिग्गा, श्री लुकस खलको, श्री राजकरण सिंह, श्री राम बाबू सिंह श्री खचेरे प्रसाद वाहिनी चिकित्सालय के स्टाफसमेत वाहिनी के समस्त अधिकारी कर्मचारी व्याख्यान माला में उपस्थित रहे।

# दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुगम्य यात्रा भ्रमण हेतु अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई

**दतिया।** प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण दतिया श्री धनंजय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को अधिक से अधिक सुगम्य वातावरण उपलब्ध कराए जाने हेतु दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुगम्य यात्रा नाम एक सुगम्य शहर भ्रमण कार्यक्रम के जिले में शुरू करने के निर्देश दिए गए है। सुगम्य शहर भ्रमण कार्यक्रम 10 मार्च 2025 को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला दतिया एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र दतिया के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनमें वरिष्ठ कलाकार सामाजिक न्याय दतिया श्री विनोद मिश्रा, एकाउण्टेंट डीडीआरसी दतिया श्रीमती निधि गुप्ता, प्रशासनिक अधिकाीर श्री अर्पित गोस्वामी, सहायक ग्रेड-3 सामाजिक न्याय दतिया श्री कविश मिश्रा, विशेष शिक्षक डीडीआरसी दतिया श्री आशाराम शंखवार, डीडीआरसी दतिया श्री प्रदीप कुशवाह, श्री दिनेश रायकवार शामिल है।

# ऋण मुक्ति षिविर का आयोजन आज

**दतिया।** जिला अग्रणी प्रबंधक श्री शम्भू सिंह रघुवंशी ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा एक विशाल ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन दतिया चुंगी के पास स्थित ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान में आज 07 मार्च 2025 को किया जा रहा है। इस कैम्प को पंजाब नेशनल बैंक के प्रधान कार्यालय और मण्डल कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस ऋण मुक्ति शिविर का लाभ उठाने के इच्छुक आवेदक इस शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते है या शाखा में संपर्क कर सकते है।

# कांग्रेसियों ने कैलारस में पंचायत ग्रामीण मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला जलाया



**कैलारस।** मध्य प्रदेश पंचायत ग्रामीण मंत्री प्रहलाद पटेल ने कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम में आम जनता को भिखारी बताते हुए एक बयान दिया था इसके विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रहलाद पटेल का पुतला जलाने के निर्देश दिए आज कैलारस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पुरानी सब्जी मंडी चौराहे पर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे ,केशव प्रसाद गोयनर,बृजमोहन मरैया, सुरेश उपाध्याय, अशोक जाटव, बृजेश करसोरिया, ओम प्रकाश शर्मा डॉ.शम्मा कुरैशी पार्षद, साबिर पठान, वल्लभ यादव, वीरेंद्र धाकड़, ओमप्रकाश शाक्य, रफीक मोहम्मद, इशाक मोहम्मद, शिवचरण शाक्य, रामसुमेर शुक्ला, नर हरि शर्मा, राजकुमार धाकड़, इकबाल खान, रोहित धाकड़, विकास धाकड़, वीरेंद्र धाकड़ माधोगढ़, कलियांन यादव, नूर मोहम्मद आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में गौवंश की मौत एफ आई आर दर्ज

## मौके पर पहुंचे ट्रैफिक सूबेदार, सीएसपी, व एस डी एम



**मुरैना,कांस।** नेशनल हाइवे पर एक्सीडेंट हुआ जिसकी सूचना गौ रक्षा दल के गौसेवकों को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और देखा की गौवंश तड़प रहा है फिर डॉक्टर व नगर निगम को कॉल किया लेकिन 1 घंटे तक कोई नहीं आया और गौवंश शांत हो गया फिर स्थानीय लोगों ने हाईवे जाम करने की कोशिश की लेकिन गौसेवकों ने जाम खुलवा दिया फिर मौके पर ट्रैफिक सूबेदार मलखान सिंह परमार और मुरैना sdm भूपेंद्र कुशवाह जी और मुरैना csp मौके पर पहुंचे फिर नगर निगम से जेसीबी आई और गौवंश को उसमें रखकर जिला चिकित्सालय में पीएम के लिए भेजा गौसेवकों ने अधिकारियों से संबंधित की शिकायत की और सिविल लाइन थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ fir दर्ज करवाई। मौके पर गौ रक्षा दल के प्रदेश महामंत्री गौसेवक रुद्रप्रताप सिंह, राहुल, अंकित सिकरवार, आर्यन परमार, गोविंद तोमर, रामब्रज गुर्जर,करण गुर्जर, अजय जोनवार आदि उपस्थित रहे।

# वी आर सी अशोक शर्मा का हुआ भव्य स्वागत



**विजयपुर।** आजाद अध्यापन संघ की विकास खंड विजयपुर इकाई ने अपने संगठन के संभागीय अध्यक्ष अशोक शर्मा के बीआरसी बनने पर भव्य स्वागत किया गया स्वागत वीर सिंह बिसोरिया के नेतृत्व में किया। इस मौके पर अनेक पदाधिकारी वह सदस्य मौजूद थे।

# पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य

## किसान सीएससी सेंटर में जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवायें

**मुरैना,कांस।** भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एग्रोस्टैक योजना के अंतर्गत प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बनाये जाने के लिये विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है। इसके अंतर्गत प्रत्येक कृषक भूमि स्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। यह किसानों को सरकारी सेवाओं का लाभ देने हेतु भारत सरकार की एक नई पहल है, इससे किसानों को वर्तमान में कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जा सकेगा। इसके साथ ही मार्च 2025 के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य होगी। वर्तमान में जिले में कुल 268378 कृषकों की फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य था, जिसमें से 130478 का पंजीकरण सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने जिले के समस्त पीएम किसान योजना लाभार्थी किसानों से अपील की है कि अपने क्षेत्र के पटवारी, स्थानीय युवा से संपर्क कर अथवा अपने नजदीकी सीएससी सेंटर जाकर अपनी फार्मर आईडी बनवायें। साथ ही ऐसे कृषक जिनको फार्मर आईडी बनवाते समय मोबाईल पर ओटीपी न आना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वे अपने पंचायत मुख्यालय के कलस्टर पर आयोजित कैम्प में संपर्क कर अपने आधार से मोबाईल नंबर को लिंक करवायें। प्रत्येक तहसील स्तर पर आगामी 20 मार्च तक कैम्प लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं। इन कैम्पों में संबंधित कृषक पहुंचकर अपनी फार्मर आईडी तैयार करवा सकते हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर 08 मार्च को मुरैना आयेंगे

**मुरैना,कांस।** विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर 08 मार्च, 2025 को प्रातः 10:30 बजे ग्वालियर से प्रस्थान कर प्रातः 11:30 बजे मुरैना आयेंगे और रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 की तैयारियों के संबंध में बैठक लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात् सायं 05 बजे मुरैना से ग्वालियर के लिये सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान करेंगे।

# खेल मैदान के अभाव में नही उभर पा रही हैं क्षेत्र प्रतिभाएं

## जान जोखिम में डाल कर रहे फोर्स की तैयारी कर रहे हैं युवा







**राधाकृष्ण सिंघल/सोनू पाराशर**

**कैलारस।** जौरा विधानसभा के कैलारस विकास खंड में खेल का मैदान नही होने से नही निकल पा रही हैं प्रतिभा मध्यप्रदेश सरकार करोड़ो रूपये खर्च कर युवाओं को के खेल के प्रति जागरूकता अभियान अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक कर रही हैं वही अब तो सरकार खेल खेल में भी बच्चो को पढ़ाने का अभियान चला रही हैं वही मध्यप्रदेश शासन खेल विभाग द्वारा भी करोड़ो रूपये खर्च कर कार्यक्रम कराए जा रहे है लेकिन जौरा विधानसभा के कैलारस विकास खंड स्तर पर एक भी खेल मैदान नही हैं जहा पर छात्र, छात्राए, बच्चे , युवा तैयारी कर सके वही पूरे प्रदेश से किसी न किसी खेल में प्रतिभाए बाहर निकल कर आ रही लेकिन कैलारस विकास खंड में खेल का मैदान नही होने से खेलो में रुचि रखने बाले युवा काफी परेशान एव निराश हैं कई बार प्रशाशनिक एव जनप्रतिनिधियों ने गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान नही वही सेकड़ो युवा सुबह जान जोखिम में डालकर आर्मी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सहित अन्य फोर्स की तैयारी जान जोखिम में डाल कर सड़को पर दौड़ रहे है क्योंकि जब सुबह सेकड़ो की संख्या में फोर्स की तैयारी के लिए दौड़ते है तो बाहन का आवागमन रहता हैं जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं लेकिन इस ओर किसी भी प्रसाशनिक एव जनप्रतिनिधि का ध्यान नही कभी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती वही फोर्स की तैयारी कर रहे युवाओं ने बताया की कई बार हम प्रशाशनिक एव जनप्रतिनिधियों की अवगत करा चुके है कि कैलारस ब्लॉक में एक तैयारी के लिये खेल का मैदान हो जिससे हम लोग तैयारी कर सके वही खेल एव फोर्स की तैयारी कर रहे युवाओं ने बताया कि अगर कैलारस में खेल का मैदान होता तो हम लोग ग्वालियर तैयारी करने नही जाते हम लोग ग्वालियर रह कर तैयारी कर हैं हर पिता खर्चे के कारण अपने बच्चो को बाहर नही भेज सकता इस लिए कैलारस विकास खंड से वच्चे खेलो में बाहर नही जा पाते जौरा विधानसभा में कुछ समय पूर्व करोड़ो रुपये खर्च कर एम एस रोड के पास अगरोता में स्टेडियम का निर्माण कराया गया था लेकिन शहर से दूर होने के कारण कोई भी प्रतिभागी वहां पर तैयारी करने नहीं जा पा रहा है। कैलारस में युवा मंडी प्रांगण, थाना प्रांगण, में प्रैक्टिस करने जाते हे लेकिन यह उनके लिए स्थाई खेल मैदान नहीं हे, कभी कभी शासन द्वारा खेल प्रतियोगिताएं कराई जाती हे तो थाना प्रांगण में ही यह प्रतियोगिता होती हे , यहां विधायक कप , आनंद उत्सव के कार्यक्रम भी हो चुके हे नगर परिषद कैलारस द्वारा खेल मैदान के लिए जमीन आबंटन का प्रस्ताव परिषद में पास कर कलेक्टर महोदय को भेजा हे जैसे ही मैदान के लिए जगह मिलेगी सुविधा युक्त खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा।

**इनका कहना हे**

कैलारस में खेल मैदान की बेहद आवश्यकता हे इसी को दृष्टिगत रखते हुए नगर परिषद ने खेल मैदान के लिए जगह आबंटन का प्रस्ताव पारित कर कलेक्टर महोदय को भेजा हे जैसे ही जगह उपलब्ध होती हे नगर परिषद सुविधा युक्त खेल मैदान बनाएगी।

**अंजना ब्रजेश बंसल, अध्यक्ष नगर परिषद कैलारस**

कैलारस क्षेत्र में युवाओं के लिए खेलने एवम प्रेक्टिस करने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं हे जिससे यहां पर युवा प्रतिभाएं अपनी काबिलियत को उभार नहीं पाते हे।

**राघवेंद्र सिंह सिकरवार युवा खिलाड़ी**

कैलारस क्षेत्र में एक खेल मैदान की बहुत ही आवश्यकता हे क्योंकि क्षेत्र में सेकडो इसी प्रतिभाएं हे जिनको पर्याप्त सुविधाएं मिले तो वह क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती हे।

**सनी धाकड़ युवा खिलाड़ी**

# केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए, इससे राज्यों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी :मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## आयोग ने कहा मध्यप्रदेश का भविष्य है सुरक्षित हाथों में

**अगले पांच साल में प्रदेश के वर्तमान बजट को करेंगे दोगुना**

**अगले तीन साल में हम 30 लाख किसानों को देंगे सोलर पम्प**

**राज्य की भावी वित्तीय आवश्यकताओं पर की चर्चा, मेमोरेंडम भी सौंपा**




**भोपाल,ब्यूरो ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्यों के सशक्तिकरण में ही राष्ट्र का सशक्तिकरण है, इसलिए केन्द्रीय करों और राजस्व प्राप्तियों में राज्यों की हिस्सेदारी अर्थात् अनुदान बढ़ाया जाना चाहिए। राज्य अपनी क्षमता और सीमित संसाधनों से ही अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए काम करते हैं। केन्द्र सरकार से अधिक वित्तीय अनुदान मिलने से राज्य अपने दीर्घकालीन लक्ष्यों को अल्पकाल में ही प्राप्त कर सकेंगे। विकसित भारत का निर्माण, विकसित मध्यप्रदेश के बिना नहीं हो सकता, इसलिए केन्द्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 48 प्रतिशत तक की जाए। इससे राज्य सशक्त होंगे और राष्ट्र को विकास की ले जाने में सहायक होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश एक बड़ा राज्य है, इसलिए इसकी जरूरतें भी बड़ी हैं। लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना करना ही केन्द्र और राज्य सरकारों का लक्ष्य है। केन्द्र और राज्यों के बेहतर तालमेल और आपसी सामंजस्य से यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आयोग के राज्य के दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता का जिक्र कर वित्त आयोग से प्रदेश की अपेक्षाओं से भी अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सर्वाधिक प्रगतिशील राज्य है। प्रदेश कृषि, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन, पर्यटन, नगरीय विकास और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन क्षेत्रों में और अधिक विकास के लिए केन्द्र सरकार से और अधिक वित्तीय सहयोग/अनुदान की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में मध्यप्रदेश को भी योगदान देना है। हम विकसित मध्यप्रदेश का संकल्प पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी हमारा बजट करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रूपए है। अगले पांच सालों में हम इस बजट को बढ़ाकर दोगुना कर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वित्त आयोग से कहा कि हम नदियों को जोड़कर जल बंटवारे के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) नदी जोड़ो परियोजना में हमने राजस्थान के साथ मिलकर किया जा रहा हैं। केन्द्र सरकार ने इस राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना के लिए 90 हजार करोड़ रूपए आवंटित किए। इसी तरह केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों राष्ट्रीय परियोजना का भूमि-पूजन कर मध्यप्रदेश को गौरव प्रदान किया है। अब महाराष्ट्र सरकार के साथ ताप्ती नदी परियोजना पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज से 20 साल पहले तक प्रदेश में केवल 7 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सिचिंत थी, आज प्रदेश की 48 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को हम सिंचित कर चुके हैं। प्रदेश में नदी जोड़ो के लिए एक अभियान चला रहे हैं। किसानों के साथ हमारा आत्मीय संबंध है और खेतों तक पानी पहुंचाना हमारा पहला कर्तव्य है। हमारी नीतियों के कारण किसानों का जैविक खेती की ओर तेजी से रूझान बढ़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी 18 नई औद्योगिक नीतियों के कारण निवेशक भी जुड़ रहे हैं। आरआईसी और जीआईएस-भोपाल के जरिए प्रदेश को 30.77 लाख करोड़ रूपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। यह निवेशकों का मध्यप्रदेश पर बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। हम प्रदेश के हर जिला कलेक्ट्रेट में उद्योग प्रकोष्ठ बना रहे हैं, इससे किसी निवेशकों की जिला स्तर पर भी कठिनाई हल की जा सकेंगी।

हम प्रदेश में व्यापार और व्यवसाय को सुगम बना रहे हैं। इसमें सभी का सहयोग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश में हरसंभव तरीके से दूध उत्पादन को बढ़ावा देंगे। हमारी कोशिश है कि देश का 20 प्रतिशत से अधिक दूध मध्यप्रदेश में उत्पादित हो, इससे हमारे किसान और पशुपालक दोनों सम्पन्न होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा शक्ति की ऊर्जा का भरपूर उपयोग भी हम कर रहे हैं। पंचशील सिद्धांतों का पालन करते हुए जन, जल, जंगल, जमीन और जैविक विविधता का संरक्षण हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जंगल बचेंगे, तो जल बचेगा और जल बचेगा, तो जन-जीवन बचेगा। हम जैविक संपदा को संरक्षित रखने के लिए भी हर जरूरी प्रयास कर रहे हैं।

# पुलिस का साहस बढ़ाता है मीडिया : सांघी

**डीआईजी अमित सांघी का आईकॉम सेंटर पर किया गया नागरिक अभिनंदन**

**सायबर फ्रॉड से बचने के बताए उपाय, आमजन को किया गया जागरूक**



**ग्वालियर,नसं.।** पत्रकारिता एक मिशन है, स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता लोगों में देशभक्ति की भावना जाग्रत करने का सबसे बड़ा माध्यम रही और आजादी की लड़ाई में विशेष योगदान रहा। मौजूदा परिवेश में पत्रकारिता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। पुलिस को सकारात्मक रूप से काम करने और साहस बढ़ाने में मददगार साबित हो रहा है मीडिया। ग्वालियर रेंज के डीआईजी अमित सांघी ने यह बात कही। उन्होंने यह बात पड़ाव स्थित इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस (आईकॉम) पर सायबर फ्रॉड और उससे बचने के उपाय विषय पर आयोजित परिचर्चा में बतौर मुख्य वक्ता के कही।

### सायबर फ्रॉड से बचाती है जागरूकता

डीआईजी सांघी ने कहा कि सायबर फ्रॉड से बचने का सबसे सरल और उत्तम तरीका है जागरूकता। क्योंकि सायबर फ्रॉड में जो भी घटित होता है वह आप पर ही निर्भर करता है, जब तक आप किसी को भी अपनी बैंक डिटेल्स या ओटीपी शेयर नहीं करेंगे तब तक आप सायबर अपराधियों के शिकार नहीं हो सकते।

यदि आप ने अज्ञानतावश जानकारी शेयर कर दी तो फिर आप उनका शिकार हो जाएंगे। इसलिए जरूरी हो जाता है कि जागरूक रहें सतर्क रहें और समय रहते पुलिस को सूचित करें।

### ग्वालियर को बताया ग्रेट

सांघी ने ग्वालियर में अपनी सेवा के अनुभव प्रबुद्ध जनों के साथ साझा किये। उन्होंने कहा कि ग्वालियर ग्रेट हैं। यहां के लोग बेहद सजग और सहयोगी हैं, अपराध को छोड़ दिया जाए तो हर मामले में आगे हैं। संगीत की नगरी में कला का व्यापक प्रभाव है। सकारात्मक रूप से की जाने वाली पत्रकारिता या मीडिया पुलिस का साहस बढ़ाता है। मीडिया से मिलने वाला सहयोग अपराधों पर अंकुश लगाने में मददगार साबित होता है। ग्वालियर-मुरैना के लोग दिल के सच्चे और अच्छे इंसान होते हैं, ये कोई भी रिश्ता बनाते हैं उसे शिद्दत से निभाते हैं। युवा में देशभक्ति का जज्बा गजब का है यही वजह है कि देशभर में सबसे ज्यादा युवा ग्वालियर-चंबल अंचल से फौज में जाते हैं।

### प्रबुद्धजनों ने किया

### अभिनंदन

सेंटर के डायरेक्टर डॉ. केशव पाण्डेय ने संस्था की ओर से शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिंह भेंट कर उनका सम्मान किया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, शिक्षा, खेल, संगीत, पत्रकारिता एवं अन्य संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों एवं प्रबुद्धजनों ने उनका पुष्पहारों से स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन महेश मुदगल ने तथा आभार व्यक्त दीपक तोमर ने किया।

### इन्होंने किया स्वागत

रामबाबू कटारे, डॉ. सारिका उपाध्याय, पुरुषोत्तम पाण्डेय, अनुराग त्रिवेदी, प्रदीप शर्मा, डॉ. आदित्य भदौरिया, राजेंद्र मुदगल, मंजू सोनी, गणेश चतुर्वेदी, सचिन पाण्डेय, संतोष वशिष्ठ, मनीष कुमार, गजेंद्र पाण्डेय, हरिदास अग्रवाल, महेंद्र सिंह सेंगर, विवेक सुड़ेले, भूपेंद्र कांत, राजेश कुशवाह, दिलीप शर्मा, डॉ. देवेंद्र शर्मा, प्रमोद पाण्डेय, अनिष्का सिंह, शिवानी त्यागी, प्रमोद पचौरी

# शहर के समग्र विकास की योजना तैयार करें- जयप्रकाश राजौरिया




**ग्वालियर,नसं.।** जिला भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन में भाजपा पार्षद दल की बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि हमारी पार्टी सेआम जनता को विकास की काफी उम्मीद है। ग्वालियर में लगातार विकास के कार्य हुए और लोगों ने इस बात को महसूस किया कि जो भाजपा कहती है वो करती है। उन्होंने कहा कि शहर के समग्र विकास की योजना तैयार करें। हमारी सरकार बनने के बाद कितने कार्य आज तक हुए इसका संकलन होना चाहिए और जनता के बीच यह बात पहुंचाई जाना चहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वार्ड में आप सभी जाएं और निरीक्षण करें और आमजनों की समस्याओं को जल्द से जल्द सुलझाएं। उन्होंने कहा कि जो भी काम वार्ड में बचे हैं, उन्हें सांसद, विधायक एवं मंत्रियों के साथ बैठकर सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। जिससे आगामी आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में सभी 66 के 66 वार्ड में भाजपा की प्रचंड जीत हो। बैठक का संचालन जिला महामंत्री राज पलैया ने एवं आभार जिला महामंत्री श्री विनोद शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मंच पर पूर्व सासंद श्री विवेक शेजवलकर, सभापति श्री मनोज तोमर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्री हरिपाल आदि मौजूद रहे। मंच पर सभी भाजपा पार्षद उपस्थित थे।

# स्काउट एवं गाइड देश सेवा के लिए सच्चे मन से समर्पित रहते है : रघु भैया



**मुरैना,कांस।** अल्प प्रवास पर मुरैना पधारे प्रबल प्रताप सिंह तोमर उर्फ़ रघु भैया राष्टीय कमिश्नर स्काउट एवं गाइड का जिला मुरैना के वरिष्ठ स्काउटरों द्वारा सम्मान किया गया रघु भैया द्वारा बताया गया की देश की सच्ची सेवा बिना किसी निजी स्वार्थ के तन, मन, धन, से जो करते है वे ही स्काउट र एवं गाइड कहलाने के पात्र होते है! इस अवसर पर रामनरेश डंडोतिया आजीवन सदस्य प्रतिनिधि एवं जिला एवं संभागीय अध्यक्ष म प्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मुरैना द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया दिनेश चन्द्र बंसल स्काउट मास्टर एवं चम्बल संभागीय अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा स्काउट का स्कार्फ पहनाकर तथा नितिश कुमार बंसल जिला सचिव म. प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मुरैना द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया है स्वागत श्रृंखला में गुड्डू खान, सौरभ तोमर,डा राकेश शर्मा, जनक सिंह रावत, हरेंद्र सिकरवार विजय तोमर तथा अन्य नागरिक साथ रहे!स्वागत के बाद स्काउट गाइड के बारे में विस्तृत चर्चा की गई, जो की सकारात्मक रही!

# छत्तीसगढ़ सरकार की शासकीय सेवकों को सौगात

**महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत किए जाने का आदेश जारी**

**रायपुर, कासं.।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते को 53 प्रतिशत किए जाने की अपनी घोषणा को पूरा करके राज्य के लाखों शासकीय सेवकों को होली पर्व से पूर्व सौगात दी है। यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी ने 3 मार्च को विधानसभा में वर्ष 2025-26 के वार्षिक बजट में शासकीय सेवकों को 53 प्रतिशत डीए किए जाने की घोषणा की थी। उक्त घोषणा के परिपालन में शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में वृद्धि किए जाने का आदेश वित्त विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करके 53 प्रतिशत किए जाने का आदेश जारी कर दिया गया है। सातवें वेतनमान में कार्यरत कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, अब उन्हें 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा, जबकि छठवें वेतनमान के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, अब उन्हें 246 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त होगा। यह वृद्धि 1 मार्च 2025 से प्रभावी होगी और इसका भुगतान मार्च 2025 के वेतन के साथ अप्रैल माह में किया जाएगा।

# स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के पात्र प्रस्तावों को शीघ्र प्रस्तुत करें : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली को आगामी सत्र में प्रारम्भ करने के लिये औपचारिकताएं करें पूर्ण**



**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन के पात्र प्रस्तावों को शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज श्योपुर और सिंगरौली को आगामी सत्र में प्रारम्भ करने के लिए निर्माण कार्य सहित समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा संस्थानों के अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी, संचालक (प्रोजेक्ट) प्रवीण सिंह अढ़ायच सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**पीएचसी एवं सीएचसी में कार्यरत चिकित्सकों की सुविधा के लिए आवासीय परिसर**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण किये जाएँ। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पीएचसी एवं सीएचसी में कार्यरत चिकित्सकों की सुविधा के लिए आवासीय परिसरों के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिए चिकित्सकों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। इससे चिकित्सकों को बेहतर कार्य वातावरण प्राप्त होगा। ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थान सशक्त होंगे, प्रदेश के हर कोने में उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय के लिये यह कारगर कदम है।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने विश्व धरोहर भीम बैटका का किया भ्रमण

**भोपाल ।**16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया और सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. सौम्य कांति घोष एवं डॉ. मनोज पांडा ने यूनेस्को विश्व धरोहर भीम बैटका का भ्रमण किया। उन्होंने प्रदेश की ऐतिहासिक और भारतीय संस्कृति की समृद्ध धरोहर को नजदीक से देखा। वित्त आयोग के सदस्यों ने कहा कि भीम बैटका जैसे ऐतिहासिक स्थल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। इन स्थलों का संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा भीम बैटका में शैलाश्रय तथा शैलचित्रों का अवलोकन किया गया। पुरा पाषाण काल से मध्य ऐतिहासिक काल तक यह स्थान मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। यहाँ के शैल चित्र मुख्यतः सामूहिक नृत्य, रेखांकित मानवाकृति, शिकार, पशु-पक्षी, युद्ध और प्राचीन मानव जीवन के दैनिक क्रियाकलापों से जुड़े हैं। चित्रों में प्रयोग किये गए खनिज रंगों में मुख्य रूप से गेरुआ, लाल और सफेद रंग का उपयोग किया गया है। आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों को भीम बैटका में प्रस्तावित रॉक आर्ट इको पार्क म्यूजियम के बारे में बताया गया। आयोग के सदस्यों को गाइड रवि यादव द्वारा शैलाश्रयों तथा शैलचित्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# डीएम ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत लाभार्थियों की निकाली लॉटरी

**योजना के तहत 09 पुरूष एवं 26 महिला गौपालकों का हुआ चयन, 02 उन्नत नस्ल की स्वदेशी गाय की इकाई स्थापना के लिए 80 हजार रूपये तक का अनुदान**



**अलीगढ़,कासं।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक आयोजित की गई। योजना में 35 पुरूष आवेदकों के सापेक्ष 09 एवं 51 महिला आवेदकों में से 26 महिला गौपालक लाभार्थियों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि सरकार खेती-बाड़ी में लगे किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के लिए गंभीर है। सरकार चाहती है कि उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों का संवर्धन हो और दुग्ध उत्पादन बढ़े।

जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में उन्नत नस्ल की गाय खरीदने वालों को भरपूर सब्सिडी दी जा रही है। योजना में राजस्थान एवं हरियाणा की साहीवाल, थारपारकर एवं गीर नस्ल की गायों के पालन पर विशेष बल दिया जा रहा है।

डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी के माध्यम से चयनित गौपालक स्वयं या विभाग के माध्यम से राजस्थान या हरियाणा पहुँचकर उन्नत नस्ल की गाय खरीदेंगे। योजना में 02 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय की इकाई स्थापना के लिए 80 हजार रूपये तक का अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। डीएम ने सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी को निर्देशित किया कि वह चयनित गौपालकों को स्थानीय जलवायु को ध्यान में रखते हुए साहीवाल एवं थारपारकर ब्रीड की गाय लाने के लिए प्रेरित करें। यह देखने में आकर्षक होने के साथ ही दुग्ध उत्पादन में भी बेहतर है। इसके साथ ही उन्होंने गायों की पोषण प्रणाली पर कार्यशाला आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीओ आलोक आर्य, एडी इफोर्मेशन संदीप कुमार, डीएसटीओ चन्द्रभान चौधरी समेत संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954